दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, सोमवार 29 जून 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1108

## संक्षिप्त खबरें ।

### BJP में शामिल होंगी महुआ मोइत्रा? अटकलों पर TMC सांसद ने दिया दो टूक जवाब

लोक तंत्र की आवाज़



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों के बाद राज्य की राजनीति ने एक बेहद नाटकीय मोड़ ले लिया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) इस वक्त एक बड़ी टूट का सामना कर रही है। ऐसा लग रहा है मानो पार्टी में बगावत की होड़ सी मच गई हो। बीस से ज्यादा सांसदों ने किनारा करते हुए एनडीए समर्थक एक अलग धड़े का दामन थाम लिया है। वहीं, विधानसभा के भीतर भी हालात कुछ ठीक नहीं हैं, जहां साठ से अधिक विधायकों ने अपना एक अलग गुट बनाकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल दिया है। पिछले कुछ दिनों से तो जैसे यह आम चर्चा बन गई थी कि रोज कोई न कोई बड़ा नेता या सांसद ममता का साथ छोड़ रहा है। उन्होंने भाजपा पर देश में सांप्रदायिकता फैलाने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपनी आखिरी सांस तक इस विचारधारा का विरोध करेंगी। उनका एकमात्र लक्ष्य भाजपा को सत्ता से बेदखल करना है और जब तक वह जिंदा हैं, यह लड़ाई जारी रहेगी।

**शुभेंदु अधिकारी संग पुरानी दोस्ती का किया जिक्र :** उसी इंटरव्यू के दौरान महुआ मोइत्रा ने शुभेंदु अधिकारी के साथ अपनी पुरानी दोस्ती का भी बड़ी बेबाकी से जिक्र किया। बीते दिनों को याद करते हुए उन्होंने शुभेंदु को एक बेहतरीन दोस्त बताया। महुआ ने बताया कि जब वे दोनों एक ही पार्टी का हिस्सा हुआ करते थे, तब शुभेंदु ने हर कदम पर उनका बहुत साथ दिया था। करीमपुर चुनाव के दौरान का एक किस्सा साझा करते हुए उन्होंने कहा कि उस वक्त केवल शुभेंदु ही उनके लिए प्रचार करने पहुंचे थे और उन्हें जिस भी मदद की जरूरत होती, वो हमेशा मौजूद रहते। महुआ ने 2014 के लोकसभा चुनावों से जुड़ा एक बेहद भावुक पल भी याद किया। जब उन्हें चुनाव का टिकट मिलने की उम्मीद थी, लेकिन ऐन मौके पर उनका नाम कट गया। उस रात वह बहुत रोई थीं और उस मुश्किल घड़ी में केवल शुभेंदु ने ही उन्हें हौसला देते हुए कहा था कि 'नहीं बहन, मैं तुम्हारे साथ हूं'। हालांकि, महुआ ने यह भी स्पष्ट किया कि आज वे दोनों अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराओं का हिस्सा हैं और अब उनके बीच कोई बातचीत नहीं होती। बाद में जब उनके इन बयानों ने मीडिया में ज्यादा तूल पकड़ा, तो महुआ को सामने आकर सफाई देनी पड़ी कि उनके हालिया इंटरव्यू की बातों को गलत और भ्रामक तरीके से पेश किया गया है।

## अयोध्या में टिन्नू यादव के हॉस्टल से मिला 20 लाख कैश... चढ़ावा चोरी कांड में हुई सबसे बड़ी रिकवरी

लोक तंत्र की आवाज़

**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर में करोड़ो भक्तों की आस्था के चढ़ावे पर हाथ साफ करने वाले सिंडिकेट को लेकर इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है. पुलिस की तफ्तीश में इस महाचोरी का वो सिरा हाथ लगा है जिसने जांच अधिकारियों के भी होश उड़ा दिए हैं. राम मंदिर के व्यवस्थापक और इस पूरे खेल के मास्टरमाइंड माने जा रहे रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव के ठिकाने से पुलिस ने लाख-दो लाख नहीं बल्कि पूरे 20 लाख रुपये कैश बरामद किए हैं. पुलिस जब टिन्नू यादव को गिरफ्तार करने के बाद उसके हॉस्टल लेकर पहुंची तो वहां के दो कमरों की तलाशी के दौरान नोटों की गड्डियां बरामद हुईं।

**हॉस्टल के कमरों से उगले 20 लाख रुपये :** गुरुवार देर रात पुलिस ने जब टिन्नू यादव को दबोचा, तो उसने पूछताछ में अपने छिपे हुए कैश का राज उगल दिया. इसके बाद शुक्रवार की सुबह पुलिस की एक विशेष टीम टिन्नू यादव को लेकर अयोध्या की दुर्गापुरी कॉलोनी स्थित उसके हॉस्टल पहुंची. टिन्नू यादव को कड़े पहरे के बीच 4



पुलिसकर्मियों की निगरानी में उसके हॉस्टल लाया गया था।

पुलिस ने जब हॉस्टल में टिन्नू के कब्जे वाले दो कमरों की सघन तलाशी ली, तो वहां से 20 लाख रुपये कैश बरामद हुए. इस रेड से पहले पुलिस टिन्नू और उसके सगे भतीजे मनीष यादव के पास से कुछ कैश बरामद कर चुकी थी. हॉस्टल की इस बड़ी रिकवरी को मिलाकर पुलिस अब तक इन चाचा-भतीजे के पास से लगभग 23 लाख रुपये की बरामदगी दिखा चुकी है।

**अब तक का पूरा मामला ?:** मई के महीने में जब राम मंदिर ट्रस्ट ने चढ़ावे और भक्तों की संख्या का ऑडिट (आकलन) किया तो पाया कि दान पात्रों से करीब 7 से 8 लाख रुपये कम हैं. 500-500 के नोटों की गड्डियां लगातार कम हो रही थीं. शक होने पर नोट गिनने वाले कक्ष में चुपके से कुछ हिडन कैमरे लगा दिए गए. जब इन कैमरों की सवा महीने की फुटेज खंगाली गई तो पाया गया कि नोट गिनने के दौरान 70 बार चोरी की गई थी।

यह कोई मामूली चोरी नहीं थी बल्कि बैंक कर्मियों और ट्रस्ट के आउटसोर्सिंग स्टाफ का एक पूरा संगठित सिंडिकेट था. कर्मचारी जानबूझकर मुख्य सीसीटीवी कैमरे के आगे खड़े हो जाते थे ताकि उनकी हरकतें रिकॉर्ड न हों और इसी बीच दूसरा साथी नोटों की गड्डी से रुपए निकालकर अपने कपड़ों में छिपा लेता था. कभी-कभी गड्डी बनाते समय उसमें जानबूझकर एक्स्ट्रा नोट रख दिए जाते थे जिन्हें बाद में सेटिंग के तहत बाहर निकाल लिया जाता था।

### टिन्नू यादव की हनक और सिंडिकेट के किरदार

इस मामले में पुलिस ने अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें से मुख्य किरदार ये हैं।

**टिन्नू यादव :** यह ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का करीबी और मंदिर का व्यवस्थापक था. इसके पास वायरलेस सेट रहता था और सुरक्षाकर्मी भी इसकी हनक से खौफ खाते थे. इसी की सिफारिश पर नोट गिनने वाले कर्मचारी रखे जाते थे।

**मनीष यादव :** टिन्नू यादव का सगा भतीजा, जो पिछले डेढ़ साल से नोट गिनने के काम में लगा हुआ था।

**सुभाष चंद्र श्रीवास्तव :** एसबीआई (SBI) के रिटायर्ड बैंक कर्मी और कैश काउंटिंग स्टाफ के प्रभारी, जिनकी नाक के नीचे यह पूरा खेल चल रहा था।

**अन्य आरोपी :** अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, अविनाश शुक्ला और करुणेश पांडे. इनमें से लवकुश मिश्रा के घर से भी ₹1 लाख कैश बरामद हुआ था।

इस घटना के बाद से यूपी की सियासत पूरी तरह गरमाई हुई है. विपक्ष लगातार राम मंदिर ट्रस्ट की सुरक्षा और पारदर्शिता पर सवाल उठा रहा है. इस बीच चंपत राय के इस्तीफे की खबरें भी लगातार सुर्खियों में बनी हुई है।

## ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल गुट ने बागी गुट के खिलाफ पुलिस में चार शिकायतें दर्ज कराईं

लोक तंत्र की आवाज़



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी वाले तृणमूल कांग्रेस ने पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट के खिलाफ पिछले 24 घंटों में कोलकाता और उसके आसपास के चार पुलिस स्टेशनों में चार अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई हैं। जिन चार पुलिस स्टेशनों में शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, उनमें से दो कोलकाता पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आते हैं और बाकी दो बिधाननगर सिटी पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।

कोलकाता पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आने वाले जिन दो पुलिस स्टेशनों में शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, वे हैं कालीघाट पुलिस स्टेशन और प्रगति मैदान पुलिस स्टेशन। दूसरी ओर, बिधाननगर सिटी पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आने वाले जिन दो पुलिस स्टेशनों में शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, वे न्यू टाउन पुलिस स्टेशन और बिधाननगर साइबर पुलिस स्टेशन हैं। आखिरी शिकायत बिधाननगर साइबर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई थी। पार्टी के माइनॉरिटी गुट के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया कि चारों पुलिस स्टेशनों में दर्ज कराई गई चारों शिकायतों का सार एक ही है कि बागी गुट द्वारा आयोजित बड़े कार्यक्रमों में पार्टी के लोगो का बिना इजाजत इस्तेमाल करना और पार्टी के वरिष्ठ विधायक अरूप रॉय का नाम ममता बनर्जी की जगह तृणमूल कांग्रेस के चेयरपर्सन के तौर पर गैर-कानूनी तरीके से घोषित करना। पुराने गुट के नेता ने बताया कि 2022 में तृणमूल कांग्रेस का एक संगठनात्मक सम्मेलन हुआ था, जिसमें मौजूद प्रतिनिधियों ने ममता बनर्जी को जीवन भर के लिए पार्टी का चेयरपर्सन बनाए रखने के पक्ष में वोट दिया था। उन्होंने बताया कि उस कॉन्फ्रेंस में डेलीगेट के तौर पर वोट देने का अधिकार सिर्फ उन्हीं लोगों को था जो कम से कम पांच साल से पार्टी के सदस्य रहे हों। हिसाब के मुताबिक, वह कॉन्फ्रेंस हर पांच साल में होनी चाहिए। यानी, अगली संगठनात्मक कॉन्फ्रेंस 2027 में होनी है। अगर इस बीच कोई खास स्थिति बनती है, तो 'चेयरपर्सन' ममता बनर्जी ही कोई खास सेशन बुला सकती हैं। लेकिन पार्टी के उस नियम को मानने के बजाय, बागी गुट ने ममता बनर्जी की गैर-मौजूदगी में गैर-कानूनी तरीके से अरूप रॉय का नाम अपने चेयरपर्सन के तौर पर घोषित कर दिया।

## कुत्ता-बिल्ली था मारा गया', भरत तिवारी पर सोशल मीडिया में विवादित बयान देने वाले नागमणि कुशवाहा कौन?

लोक तंत्र की आवाज़

**पटना ।** बिहार में भरत तिवारी की पुलिस मुठभेड़ में मौत का मामला लगातार चर्चा में बना हुआ है। इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष के कुछ नेताओं ने भी पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। इसी बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि कुशवाहा का एक बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

उन्होंने भरत तिवारी को "कुत्ता-बिल्ली" बताते हुए कहा कि वह एक अपराधी था और उसकी मौत पर ज्यादा बहस की जरूरत नहीं है। इस बयान के बाद राजनीतिक माहौल और गरमा गया। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर नागमणि कुशवाहा कौन हैं और उनका राजनीतिक सफर कैसा रहा है?



**भरत तिवारी पर बयान से क्यों मचा बवाल ?:** एक यूट्यूब चैनल से बातचीत के दौरान नागमणि कुशवाहा से भरत तिवारी की मौत पर सवाल पूछा गया। जवाब में उन्होंने कहा कि "भरत तिवारी जैसे कुत्ता-बिल्ली का नाम लेते हैं, वह अपराधी था और मारा गया।" उनका यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। कई लोगों ने इसे असंवेदनशील बताया, जबकि कुछ लोगों ने उनके बयान का समर्थन भी किया। इसके बाद राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी इस मुद्दे पर अपनी-अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी।

**कौन हैं नागमणि कुशवाहा ?:** नागमणि कुशवाहा बिहार की राजनीति का जाना-पहचाना चेहरा हैं। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं और राज्य की राजनीति में कई दशक से सक्रिय हैं। खास बात यह है कि वे लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद, चारों सदनों के सदस्य रह चुके हैं। उनके पिता जगदेव प्रसाद भी बिहार के बड़े समाजवादी नेताओं में गिने जाते थे।

**14 बार बदली पार्टी, फिर बीजेपी में वापसी:** नागमणि कुशवाहा का राजनीतिक सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। उन्होंने अपने करियर में कई बार राजनीतिक दल बदले हैं। बताया जाता है कि वह अब तक करीब 14 बार पार्टी बदल चुके हैं। अगस्त 2025 में उन्होंने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। इससे पहले भी वे दो बार बीजेपी में रह चुके हैं।

## भरत की तरह छोटे बेटे को भी मरवा देंगे', भरत तिवारी की रोती मां का SP पर आरोप, बोलीं- केस खत्म करने का दबाव

लोक तंत्र की आवाज़

**भोजपुर।** भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में रहने वाली मृतक भरत भूषण की मां आशा देवी ने मीडिया के सामने आकर अपना दर्द बयां किया। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के आठ दिन बीत जाने के बाद भोजपुर एसपी उनके घर आए थे। आशा देवी ने रोते हुए मीडिया से बताया-"एसपी साहब बिना किसी महिला पुलिसकर्मी के हमारे घर के अंदर घुस आए। उन्होंने हमसे बहुत कड़क लहजे में कहा कि अब इस मामले को यहीं खत्म कर दीजिए। मीडिया के सामने ज्यादा बयानबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है। अगर ऐसा करना बंद नहीं किया, तो जैसे तुम्हारे बड़े बेटे भरत को मारा है, वैसे ही तुम सबको भी मरवा देंगे।"



**छोटे बेटे को अकेले में ले जाकर कहा- 'तेरा भी वही हाल करेंगे:** मां का आरोप यहीं नहीं थमा। उन्होंने कहा कि एसपी ने उनके छोटे बेटे चंदन तिवारी को परिवार से अलग ले जाकर डराया। एसपी ने चंदन से कहा कि भरत एक अपराधी था और उसने थानेदार पर बंदूक तानी थी, इसलिए उसे मार दिया गया। आशा देवी के मुताबिक, पुलिस कप्तान ने छोटे बेटे चंदन को चेतावनी दी कि अगर वह भी मीडिया और कोर्ट के सामने ज्यादा बोलेगा, तो उसका अंजाम भी उसके भाई भरत भूषण जैसा ही होगा।

**हथियार फेंक चुका था भरत, फिर क्यों मारी गोली:** इस पूरे मामले में पुलिस की थ्योरी पर सबसे बड़ा सवाल खुद भरत भूषण तिवारी के मोबाइल ने खड़ा किया है। परिजनों का दावा है कि जिस वक्त पुलिस ने भरत को घेरा, वह अपने मोबाइल से फेसबुक पर लाइव था। वीडियो में साफ दिख रहा है कि भरत भूषण ने पुलिस को सामने देखकर अपने हथियार दूर फेंक दिए थे और सरेंडर करने के लिए दोनों हाथ खड़े कर दिए थे। अब पीड़ित परिवार और स्थानीय लोग सरकार से यह सवाल पूछ रहे हैं कि जब एक आरोपी ने कानून के सामने अपने हथियार डाल दिए थे और सरेंडर कर चुका था, तो ऐसी कौन सी मजबूरी या परिस्थिति आ गई कि पुलिस ने उस पर सीधे गोलियां बरसा दीं? क्या यह एनकाउंटर पहले से प्लान की गई एक हत्या थी? इस कथित एनकाउंटर को लेकर जनता के बढ़ते आक्रोश, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और राजनीतिक दलों की मांग के बाद आखिरकार प्रशासन को बैकफुट पर आना पड़ा है।

## स्टालिन को सबसे पुराने साथी ने दिया तगड़ा झटका! थलापति विजय की लगी लॉटरी

लोकतंत्र की आवाज

**चेन्नई।** तमिलनाडु की सियासत से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है, जिसने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की नींद उड़ा दी है। द्रमुक (DMK) के सबसे पुराने और भरोसेमंद साथियों में से एक वाइको की पार्टी मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम (MDMK) ने डीएमके के नेतृत्व वाले 'सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस' (SPA) से हमेशा के लिए नाता तोड़ लिया है। गठबंधन से अलग होने का एलान करते हुए एमडीएमके ने स्टालिन सरकार पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं और कहा है कि अब इस गठबंधन में बने रहने का कोई मतलब नहीं रह गया था।

डीएमके को झटका देने के साथ ही वाइको की पार्टी ने साउथ सिनेमा के

### तमिलनाडु की राजनीति में आया बड़ा भूचाल



सुपरस्टार और 'तमिलगा वेत्री कषगम' (TVK) के प्रमुख सी. जोसेफ विजय (थलापति विजय) का हाथ थाम लिया है। एमडीएमके ने आगामी उपचुनावों और स्थानीय निकाय चुनावों में विजय की पार्टी को खुला समर्थन देने का बड़ा फैसला किया है, जिससे अभिनेता विजय के हाथों में राजनीतिक लड्डू आ गया है। चेन्नई में आयोजित एमडीएमके की सामान्य परिषद की बैठक में यह ऐतिहासिक फैसला लिया गया। पार्टी के प्रस्ताव में साफ कहा गया है कि भविष्य के चुनावों को लेकर अंतिम फैसला सही समय पर होगा, लेकिन फिलहाल वे डीएमके गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं।

**हिंदुत्व समर्थक ताकतों के साथ मिल गई है डीएमके :** टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमडीएमके प्रमुख वाइको ने मुख्यमंत्री स्टालिन की पार्टी पर सीधा हमला बोलते हुए एक बड़ा और सनसनीखेज आरोप लगाया है। वाइको ने कहा कि डीएमके ने अंदरखाने हिंदुत्व समर्थक ताकतों के साथ हाथ मिला लिया है और उनके साथ मिलकर एआईएडीएमके (AIADMK) के नेतृत्व वाली सरकार बनाने की कोशिश की थी। वाइको के अनुसार, यह बात राजनीतिक गलियारों में सबको पता थी और डीएमके के इस कदम से उनके धर्मनिरपेक्ष गठबंधन का मूल उद्देश्य ही पूरी तरह खत्म हो गया। पार्टी कार्यकर्ताओं में इसी वजह से भारी नाराजगी थी और सबने एक सुर में गठबंधन से बाहर आने का फैसला किया।

**सुपरस्टार विजय की पार्टी TVK को मिला खुला समर्थन :** गठबंधन तोड़ते ही वाइको ने थलापति विजय की राजनीतिक समझ और उनकी पार्टी टीवीके (TVK) की जमकर तारीफ की। वाइको ने कहा कि विजय की पार्टी भ्रष्टाचार विरोधी एजेंडे, दो-भाषा नीति और द्रविड़ नेता सीएन अन्नादुरै के सिद्धांतों पर आगे बढ़ रही है, जो कि काबिले तारीफ है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वाइको का यह बयान साफ संकेत देता है कि आने वाले समय में तमिलनाडु के विधानसभा और अन्य चुनावों में एमडीएमके और थलापति विजय के बीच एक मजबूत और नया राजनीतिक समीकरण देखने को मिल सकता है।

## रूस ने तबाह किए यूक्रेन के दो MiG-29 विमान, जवाब में जेलेंस्की की सेना ने रूसी सैन्य कारखाने पर दागी मिसाइल

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** रूस-यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष दिन-व-दिन भीषण होता जा रहा है. इसी बीच रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दावा किया कि उसके बलों ने दक्षिणी यूक्रेन में एक एयरबेस पर यूक्रेनी वायुसेना के दो MiG-29 लड़ाकू विमान नष्ट कर दिए. वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन ने रूस के वोल्गोग्राद में एक महत्वपूर्ण सैन्य सुविधा पर मिसाइल हमला किया है।

शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेना ने दक्षिणी यूक्रेन में निकोलेव शहर के पास वोज़्नेसेंस्क एयरफील्ड पर यूक्रेनी वायु सेना के दो MiG-29



लड़ाकू विमानों को नष्ट करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया।

रूसी रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, वोज्नेसेंस्क एयरफील्ड पर किए गए सटीक ड्रोन हमले के वक्त एक मिग-29 लड़ाकू विमान बंकर के बाहर खुले टारमैक पर खड़ा था, जबकि दूसरा फाइटर जेट बंकर के अंदर रीफ्यूलिंग (ईंधन भरने) की प्रक्रिया में था. मंत्रालय ने इस पूरी तबाही का एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें हमले से पहले रनवे पर खड़ा विमान और ड्रोन स्ट्राइक के बाद वहां धधकती हुई भीषण आग साफ दिखाई दे रही है।

दूसरी तरफ राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूसी हमले के तुरंत बाद मोर्चा संभालते हुए सोशल मीडिया पर इस बात का खुलासा किया कि उनकी सेना ने रूस के वोल्गोग्राद स्थित टायटन-बैरिकाडी सैन्य प्रतिष्ठान को 'फ्लेमिंगो' मिसाइलों से निशाना बनाया है. इस सफल स्ट्राइक के बाद रूसी रक्षा संयंत्र के पूरे कैंपस में भयंकर आग लग गई है, जिसने पुतिन की सेना को तगड़ा झटका दिया है।

## महाराष्ट्र की सियासत तेज, 5 सांसदों के दल बदल की चर्चा तेज

लोक तंत्र की आवाज़

**मुंबई ।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बड़े उलटफेर और बगावत की सुगबुगाहट तेज हो गई है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के छह लोकसभा सांसदों के एकनाथ शिंदे गुट में शामिल होने के बाद, अब शरद पवार की पार्टी एनसीपी (एसपी) में टूट की चर्चाएं जोरों पर हैं। सूत्रों के अनुसार, शरद पवार गुट के कम से कम पांच लोकसभा सांसद विपक्षी महाविकास अघाड़ी (एमवीए) का साथ छोड़कर सत्ताधारी महायुति गठबंधन का दामन थामने की तैयारी में हैं।

**बगावत के पीछे उलझा एक दिलचस्प पेंच:** इस संभावित टूट के पीछे एक बेहद दिलचस्प और जटिल पेंच फंसा हुआ है। आमतौर पर किसी



पार्टी में फूट होने पर बागी सांसद अपने ही विरोधी धड़े (जैसे अजीत पवार गुट) में शामिल होते हैं। लेकिन इस मामले में चौंकाने वाली बात यह है कि इन सांसदों को अजीत पवार के गुट द्वारा नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना द्वारा अपने पाले में लाने की कोशिश की जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अजित पवार की पार्टी के भीतर चल रही अंदरूनी कलह और अस्थिरता इसकी सबसे बड़ी वजह है।

**अजीत पवार गुट में अंदरूनी कलह और पार्थ पवार का बढ़ता दखल :** बता दें कि एनसीपी की कमान अब सुनेत्रा पवार के हाथों में है, लेकिन पार्टी इस समय भारी संगठनात्मक उथल-पुथल से गुजर रही है। इस खींचतान की मुख्य वजह अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार का तेजी से बढ़ता वर्चस्व माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि पार्थ पवार वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे को भरोसे में लिए बिना ही संगठन के बड़े फैसले ले रहे हैं। इसके अलावा, उन पर देवेंद्र फडणवीस सरकार में शामिल एनसीपी कोटे के मंत्रियों के कामकाज और टेंडरों की गोपनीय जानकारी मांगकर सीधा दखल देने के आरोप भी लग रहे हैं, जिससे पुराने नेता काफी नाराज हैं।

**दिल्ली तक पहुंची पार्थ पवार की राजनीतिक महत्वाकांक्षा :** जानकारों का कहना है कि पार्थ पवार अपने पिता की राजनीतिक विरासत और पार्टी पर पूरी तरह से नियंत्रण हासिल करने की कोशिश में जुटे हैं।

## जंग का दायरा बढ़ा: अमेरिका-ईरान तनाव और बढ़ा, बहरीन में फिफ्थ फ्लीट पर भारी मिसाइल हमला!

लोक तंत्र की आवाज़

**मनामा/वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया (वेस्ट एशिया) से इस वक्त की सबसे बड़ी और खौफनाक खबर आ रही है, जिसने पूरी दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। पिछले ही हफ्ते अमेरिका और ईरान के बीच 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद हुए पहले ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (MOU) के तहत जो नाजुक युद्धविराम लागू हुआ था, वह पल भर में नेस्तनाबूत हो चुका है। कूटनीति के सारे रास्ते बंद हो चुके हैं और अब बंदूकों तथा मिसाइलों ने मोर्चा संभाल लिया है।



**आधी रात का वो खौफनाक एक्शन: अमेरिका की ईरान पर भीषण एयरस्ट्राइक:** विवाद की शुरुआत तब हुई जब होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) से गुजर रहे एक कमर्शियल शिपिंग टैंकर पर ईरान द्वारा संदिग्ध ड्रोन हमला किया गया। ऊर्जा की बढ़ती कीमतों और कुछ ही महीनों में होने वाले अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के दबाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस पर बेहद सख्त रुख अपनाया। अमेरिकी सेना ने बिना वक्त गंवाए आधी रात को ईरान के मिसाइल और ड्रोन ठिकानों के साथ-साथ तटीय रडार साइटों पर ताबड़तोड़ जवाबी हवाई हमले शुरू कर दिए। इन हमलों के तुरंत बाद एक बयान में डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को बेहद कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा, "अब बातचीत का समय खत्म हो गया है। कूटनीति खत्म हो चुकी है। देखिए आगे क्या होता है।" अमेरिका के इन हवाई हमलों ने ईरान को पूरी तरह से भड़का दिया। इसके जवाब में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने घोषणा की कि उन्होंने क्षेत्र में "अमेरिकी आतंकवादी सेना" के ठिकानों को निशाना बनाया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नोएडा-जेवर एयरपोर्ट के पास बसेगा नया सैटेलाइट टाउन, YEIDA के 'मास्टर प्लान 2041' से बदलेगी हाथरस की तस्वीर




लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना
लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश को औद्योगिक महाशक्ति बनाने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने एक बेहद महत्वाकांक्षी ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। 'महायोजना/मास्टर प्लान 2041' के तहत अब हाथरस जिले और उसके आस-पास के कई गांवों को एक चमचमाते हाई-टेक शहर और 'इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग हब' के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह नया सैटेलाइट टाउन न केवल निवेश को आकर्षित करेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए लाखों रोजगार पैदा करने वाला प्रमुख डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा।50 से अधिक गांवों की बदलेगी तस्वीर इस महायोजना के तहत हाथरस और सासनी तहसील के कुल 50 से अधिक गांवों को अधिसूचित किया गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 4 हजार हेक्टेयर (यानी करीब 10 हजार एकड़) होगा। इस अत्याधुनिक शहर के सुनियोजित और स्मार्ट नियोजन के लिए कंसल्टेंट कंपनी 'आरवी इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स लिमिटेड' को नियुक्त किया गया है। यह कंपनी जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) तकनीक पर आधारित आधुनिक डिजिटल नक्शों के जरिए शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर का खाका खींच रही है।

### एआई लैब से मिलेगी सरकारी आईटीआई में आधुनिक तकनीकी शिक्षा, लखनऊ से होगी शुरुआत




लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना
लखनऊ। पारंपरिक औजारों के स्थान पर एआई के इस्तेमाल से अब किसी भी वाहन की कमियों को दूर किया जा सकेगा। यह भी पता चलेगा कि कौन सा माडल आने वाले समय में युवाओं की सबसे अधिक पसंद होगा। अब तो इसका खाका पहले से युवाओं के जेहन में होगा।आफलाइन से दूर अब स्मार्ट क्लास में आनलाइन परीक्षा के साथ गुणवत्ता में सुधार होगा। चारबाग के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (जीआईटीआई) में यह सब होगा। यह अपनी तरह का प्रदेश का पहला संस्थान होगा, जिसमें एआई आधारित तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा।आदर्श प्रशिक्षण संस्थान के रूप में विकसित होने वाले इस संस्थान में विद्यार्थियों को नई तकनीकों के अनुरूप प्रशिक्षण देने के लिए स्मार्ट कक्षाएं, अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) लैब, इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) तकनीक की प्रयोगशाला और डिजिटल शिक्षण सुविधाओं का लाभ होगा। संस्थान के व्यापक जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हो गया है और पुरानी प्रयोगशालाओं व भवनों का नवीनीकरण शुरू हो गया है। जुलाई से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही दाखिले शुरू होंगे।

### यूपी में हीट स्ट्रोक और बीमारियों से बच्चों को बचाएंगे शिक्षक, सरकार ने जारी की विशेष गाइडलाइन



लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना
लखनऊ। बदलती जलवायु चुनौतियों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार विद्यालयों में बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और जलवायु-अनुकूल वातावरण देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी नीति के अन्तर्गत विद्यालयों को नए सत्र में खोलने के साथ बेसिक शिक्षा विभाग ने 'हीट-संबंधी बीमारियों के प्रति विद्यार्थियों के संवेदनशीलकरण हेतु शिक्षकों के लिए दिग्दर्शिका-2026' जारी की है।अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा तथा माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा के निर्देश पर तैयार इस दिग्दर्शिका का उद्देश्य शिक्षकों को हीट वेव से बचाव, हीट एग्जॉशन एवं हीट स्ट्रोक के लक्षणों की पहचान, प्राथमिक उपचार तथा विद्यार्थियों के प्रभावी बचाव के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और व्यावहारिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही विद्यालयों में 'क्या करें-क्या न करें' संबंधी पोस्टरों के माध्यम से बच्चों, अभिभावकों और विद्यालय समुदाय को भी जागरूक किया जाएगा, ताकि भीषण गर्मी बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और विद्यालयी जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव न डाल सके।

# देवबंद में सियासी सरगर्मियां तेज: अनिल सिंह पुंडीर का विधायक पर बीजेपी कार्यकर्ताओं के अनदेखी का आरोप

## 30 जून को चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज



**असद सिद्दी**
**देवबंद।** विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां लगातार तेज होती नजर आ रही हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह पुंडीर ने देवबंद विधानसभा से भाजपा विधायक कुंवर बृजेश सिंह पर तीखा हमला बोलते हुए क्षेत्र में बढ़ते भ्रष्टाचार और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके बयान का एक वीडियो भी इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसकी राजनीतिक गलियारों में व्यापक चर्चा है।

अनिल सिंह पुंडीर ने आरोप लगाया कि देवबंद क्षेत्र में ऐसा कोई विभाग नहीं बचा है जहां भ्रष्टाचार न बढ़ा हो। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पार्टी की विचारधारा और संगठन के नाम पर कार्य नहीं हो रहे हैं। उनका आरोप है कि भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं की लगातार उपेक्षा की जा रही है तथा उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है।

उन्होंने कहा कि वर्षों से पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का शोषण हो रहा है और स्थानीय स्तर पर उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। उन्होंने दावा किया कि कार्यकर्ताओं और आम जनता में इसको लेकर नाराजगी बढ़ रही है।

इसी क्रम में ठाकुर अनिल सिंह पुंडीर ने 30 जून को अपने चुनाव कार्यालय के उद्घाटन की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि इस कार्यालय का उद्देश्य जनता और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करना तथा उनकी समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए प्रयास करना होगा।

सूत्रों के अनुसार, इस कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, राज्यमंत्री जसवंत सिंह तथा भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत राणा के आने की संभावना जताई जा रही है हालांकि संबंधित नेताओं की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि चुनाव कार्यालय के उद्घाटन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है स्थानीय स्तर पर चर्चाएं की कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक पहुंच सकते हैं जिसमें यह आयोजन आगामी विधानसभा चुनाव की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है

## इमरान मसूद सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर बयान बाजी करना बंद करें : राव अनवर अली



लोकतंत्र की आवाज

**असद सिद्दी**
**देवबंद, सहारनपुर।** देवबंद यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव राव अनवर अली ने एक बयान जारी कर सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने कहा कि सांसद को यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकसभा चुनाव में उनकी जीत किसी एक दल की नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन की संयुक्त ताकत और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है।

राव अनवर अली ने कहा कि सहारनपुर की जनता ने गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में इमरान मसूद को अपना समर्थन दिया था, न कि केवल कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में। ऐसे में उन्हें गठबंधन धर्म का पालन करना चाहिए और सहयोगी दलों के नेताओं के प्रति संयमित भाषा का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ की जा रही कथित बयानबाजी पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं के विरुद्ध सार्वजनिक मंचों से बयान देना राजनीतिक मर्यादा के अनुरूप नहीं है। उनका कहना था कि इस प्रकार के बयान गठबंधन की एकजुटता को कमजोर करने का काम करते हैं।

राव अनवर अली ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि यदि इमरान मसूद ने अखिलेश यादव के खिलाफ बयानबाजी बंद नहीं की, तो वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव में सहारनपुर की जनता इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी। उन्होंने दावा किया कि जनता गठबंधन की भावना के विपरीत कार्य करने वालों को कड़ा सबक सिखाने का काम करेगी।

## हरदोई: प्रसव के दौरान जच्चा व बच्चा की मौत, अस्पताल में हंगामा

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** शाहाबाद नगर के पाली रोड स्थित मोहल्ला बजरिया के एक निजी अस्पताल में शनिवार रात प्रसव के दौरान जच्चा और नवजात की मौत हो गई।इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला। एहतियात के तौर पर चार थानों का पुलिस बल भी बुलाया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जांच शुरू कर दी है। पाली थाना क्षेत्र के परेली गांव निवासी रामू के अनुसार वह शनिवार सुबह करीब 11 बजे गर्भवती पत्नी मोनी को प्रसव के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे।आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने महिला में खून की कमी बताते हुए ब्लड चढ़ाने की बात कही और इसके लिए करीब 8,500 रुपये जमा करा लिए। परिजनों का कहना है कि समय पर रक्त की व्यवस्था नहीं की गई, जिससे प्रसव के दौरान जच्चा और नवजात दोनों की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि महिला की हालत बिगड़ने पर अस्पताल प्रशासन ने उसे हरदोई के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से लखनऊ भेजने की बात कही गई, लेकिन उनका कहना है कि महिला की मौत पहले ही हो चुकी थी। इसके बाद परिजन शव लेकर वापस अस्पताल पहुंचे और विरोध जताया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराया। बताया कि शव का पंचनामा भर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## हरदोई में फंदे से लटका मिला प्रेमी-युगल जोड़ी का शव, युवक की पांच महीने पहले हुई थी शादी

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** प्रेम और सामजिक मर्यादाओं के बीच फंसी दे जिंदगियों का दुखद अंत हो गया। हरियावां के बेला कपूरपुर में रविवार की सुबह युवक व किशोरी के शव खेत में आम के पेड़ में अलग-अलग फंदे से लटके मिले।दोनों रिश्ते में थे तो चचेरे भाई बहन, लेकिन वर्षों से दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। परिवार के होने के कारण रिश्ते को मंजूरी नहीं मिल सकती थी। इसी के चलते दोनों ने फंदा लगाकर जान दे दी।सूचना पर एसपी अशोक कुमार मीण ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। दोनों के स्वजन ने घटना के संबंध में पूछताछ की। फारेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाने को नमूने संकलित किए हैं।

हरियावां के ग्राम बेलाकपूरपुर के अंकुर की इसी वर्ष 14 फरवरी में मामा की लड़की के साथ शादी हुई। ग्रामीणों के अनुसार युवक का रिश्ते की चचेरी बहन से वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।परिवार के होने के कारण दोनों के रिश्ते को मंजूरी नहीं मिल सकती थी।शादी हो जाने के बाद भी युवक और युवती के रिश्ते में दूरियां आईं, लेकिन अंदर-अंदर दोनों एक दूसरे से अलग होना नहीं चाहते थे। शनिवार शाम अंकुर खेत से घर आया,बाइक खड़ी करके फिर चला गया। स्वजन ने खोजबीन की, पता नहीं चला। इधर सुभाषिनी भी रात में चुपके से घर से निकल गई।गांव के बाहर बखिरया मार्ग के किनारे खड़े आम के पेड़ में दोनों ने फंदा लगाकर जान दे दी। युवक का शव प्लास्टिक की रस्सी में तो युवती का शव दुपट्टे के फंदे से उसी डाल में लटका मिला।सुबह खेत तरफ गई गांव की एक महिला ने दोनों के शव लटके देखे। महिला के शोर मचाने पर स्वजन व ग्रामीण मौके पर आ गए। कुछ ही देर में पुलिस भी पहुंच गई।सूचना मिलते ही एसपी व एएसपी पश्चिमी मार्तंड प्रकाश सिंह, सीओ हरियावां मौके पर पहुंच गए। एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। दोनों के स्वजन के पूछताछ की। थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि एक ही परिवार के थे। प्रेम-प्रसंग के चलते आत्महत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। मामले की गहनता से जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ललितपुर रेलवे स्टेशन पर यार्ड रिमाडलिंग, 14 से 19 जुलाई तक बदलेगा लखनऊ आने वाली कई ट्रेन का मार्ग

लोक तंत्र की अवाज़




**रत्ना**
**लखनऊ।** रेलवे के बीना डिवीजन के ललितपुर रेलवे स्टेशन की यार्ड रिमाडलिंग का कार्य प्रारंभ होगा। इसके कारण झांसी होकर आने वाली ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। 13 से 20 जुलाई तक यहां से ट्रेनों का संचालन बदले मार्ग से होगा। इस दौरान यात्री घर से निकलने से पहले ट्रेन का बदला हुआ शेड्यूल और संशोधित रूट जरूर चेक कर लें।

ट्रेन 16093 चेन्नई सेंट्रल - लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस 15 व 19 जुलाई को इटारसी पहुंचकर परिवर्तित मार्ग जबलपुर-ओहन केबिन-कानपुर सेंट्रल के रास्ते लखनऊ आएगी। इसी तरह 14 से 19 जुलाई तक 01027 दादर-गोरखपुर स्पेशल इटारसी-जबलपुर-सतना-मानिकपुर के रास्ते चलेगी। कुछ ट्रेनों को 40 से 50 मिनट रोककर चलाया जाएगा। इसके अलावा 05074 लखनऊ सिटी-एसएमवीटी बेंगलुरु (प्रारंभिक स्टेशन से 11.07.2026 एवं 18.07.2026 को), 05073 एसएमवीटी बेंगलुरु-लखनऊ सिटी (प्रारंभिक स्टेशन से 14.07.2026 एवं 21.07.2026 को) निरस्त रहेगी।

झांसी रेल मंडल के ललितपुर रेलवे स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग का काम तेजी से जारी है।

इस कार्य के कारण रेलवे ने 13 जुलाई से 20 जुलाई 2026 के बीच कई एक्सप्रेस ट्रेनों के रास्तों में बड़ा फेरबदल किया है। इनमें सबसे बड़ा बदलाव दिल्ली और दक्षिण भारत को जोड़ने वाली दो मुख्य ट्रेनों के रूट में हुआ है, जो अब नए रूट से चलेंगी।

## गंगा एक्सप्रेस-वे पर चालक को झपकी आने से पलटी कार, दंपती समेत 6 मरे

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** गंगा एक्सप्रेस-वे पर रविवार की सुबह चालक को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार लखनऊ के एक परिवार के तीन बच्चों समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों को मल्लावां सीएचसी पर भर्ती कराया गया है।

लखनऊ के थाना पारा के सेक्टर 62 के नया पुरवा के रहने वाले अनिरुद्ध निगम एक कार्यक्रम में शामिल होने पत्नी सविता, बेटे अंकित, बेटी अनवी और बड़ी बहन वंदना,उसकी बेटी नंदनी के साथ गए थे। कार अनिरुद्ध चला रहे थे।रविवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे गंगा एक्सप्रेस-वे से होकर घर लौट रहे थे। रास्ते में उन्नाव के बेहटा मुजावर में पिलर नंबर 364 के पास अनिरुद्ध को झपकी लगने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गयी।जिससे कार पलटने से कार में बैठे सभी लोग घायल हो गए। एक्सप्रेस वे कर्मचारियों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से सभी को मल्लावां सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उच्चार के बाद सभी चले गए।चिकित्सक डॉ. जितेंद्र पटेल ने बताया कि सभी को छोटे लगी थी। कोई गंभीर चोट न होने के चलते सभी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

## बेनीगंज थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक महिला व एक युवक की मौत, कोहराम

■ देर रात किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे हादसा हुआ

लोकतंत्र की आवाज





शिवम गुप्ता
हरदोई। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जरौवा गांव निवासी महेंद्र पुत्र विनोद उम्र लगभग 35 वर्ष लखनऊ से अपने घर वापस जा रहे थे तभी अतरौली कोथावा मार्ग भैनगांव चौराहा के पास देर रात किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई है मृतक दो भाई है कहीं प्राइवेट नौकरी करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था।

वहीं दूसरी तरफ इसी मार्ग पर बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के निंबहा गांव निवासिनी राधा पत्नी कृष्ण पाल घर से अपने पुत्र के पास लखनऊ जाने के लिए निकली हुई थी तभी किसी अज्ञात वाहन ने थान गांव के पास टक्कर मार दी जिससे वह घायल होकर गिर गई राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी परिजन अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी उसकी भी मौत हो गई मृतक महिला के तीन पुत्र हैं तीनों लखनऊ में रहते हैं और मजदूरी करके अपना भरण पोषण कर रहे थे कोतवाली प्रभारी सतीश चंद्र ने बताया अभी तक किसी मामले में तहरीर नहीं आई है तहरीर आने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## देवबंद में गुर्जर चिंतन शिविर का अगला पड़ाव 20 व 21 अगस्त को लाल कोठी अयोध्या में होगा : संजय गुर्जर

लोकतंत्र की आवाज



**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**
**देवबंद।** चित्रकूट की पावन धरा पर गुर्जर चिंतन शिविर में गुर्जर समाज के सभी बौद्धिक लोगों के विचार आए। सभी ने कार्यक्रम में शपथ ली कि नाम के पीछे कोई भी व्यक्ति गोत्र नहीं लगाएगा, सभी लोग गुर्जर लगाएंगे। दूसरे दिन के कार्यक्रम में देश-प्रदेश से आए लोगों ने अपने विचार रखे।

भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष एवं पीडीएमएम गठबंधन के प्रमुख तथा कार्यक्रम संयोजक संजय गुर्जर ने पत्रकारों से वार्ता में कहा कि जो जाति और समाज चिंतन करना भूल जाती है उस जाति और समाज का सामाजिक और राजनीतिक अस्तित्व खत्म हो जाता है। आज सामाजिक चिंतन की आवश्यकता है। पूरे देश में इसी तरह के चिंतन शिविर आयोजित किए जाएंगे। चित्रकूट से ही तय हुआ है कि अगला पड़ाव चिंतन शिविर का अयोध्या में होगा। गुर्जर बौद्धिक संघ के संयोजक और गुर्जर चिंतन शिविर के दूसरे संयोजक जयकुमार गुर्जर ने अपने बयान में कहा कि सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और शैक्षणिक जैसे सभी मुद्दे महत्त्वपूर्ण हैं जिन पर समाज पिछड़ रहा है।

समाज के एक-एक मुद्दे पर विचार होगा और विचारवान, ऊर्जावान और बुद्धिमान लोगों के द्वारा ही चिंतन शिविर लगाए जा रहे हैं और उसमें शामिल भी वही लोग हो रहे हैं।

आगामी समय में इसके बेहतर परिणाम आएंगे। चिंतन कार्यक्रम में पीठाधीश्वर रणछोड़ दास जी महाराज, चित्रकूट धाम के पीठाधीश्वर कृपाल दास जी महाराज, शीशपाल गुर्जर, नोएडा के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र डेढ़ा जी, बुंदेलखंड गुर्जर महासभा के अध्यक्ष बलवीर गुर्जर, संरक्षक नरेंद्र गुर्जर जी, गुर्जर महेंद्र नागर, राजकुमार गुर्जर महलू सरपंच, गुर्जर राजेश्वर भाटी, सुमित गुर्जर, जयेंद्र गुर्जर, बबली गुर्जर, भोला गुर्जर, शालिनी सिंह पटेल, रामपाल गुर्जर, विश्वंभर पटेल, पुष्पेंद्र गुर्जर सहित एक दर्जन लोगों ने अपने विचार रखे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रधान मंत्री के मन की बात कार्यक्रम को गंगा प्रसाद पूरब मध्य में सुना गया



लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज। भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के नेतृव में रविवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को साहिबगंज जिला मे आए प्रवासी प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय राज महल पुर्व विधायक अनंत कुमार ओझा अध्यक्ष गौतम यादव जिला प्रभारी अमृत पाण्डेय ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुराग राहुल के नेतृव पुर्व जिला मंत्री मनोज यादव के आवास पर कार्यक्रम को सुना गया। एवम शक्ति केन्द्र की संगघात्मक बैठक की गई। बैठक के उपरांत प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत साहिबगंज ग्रामीण मंडल में एक पेड़ मां के नाम लगाया गया। मौके पर कार्यकर्ता प्रखंड उपाध्यक्ष अमर नाथ चौधरी पवन यादव निशा देवी महामंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुनीता देवी प्रखण्ड मंत्री किरण देवी, कुंदन कुमार मनीष कुमार यशवंत कुमार गोपाल साह अरविंद गुप्ता पिंटू सिंह अरविंद यादव पंकज कुमार शिवनारायण मंडल विजय पासवान मिठू यादव कन्हाई मंडल सियाराम मंडल विनोद कुमार एवम अन्य कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल उपस्थित थे।

### खनन क्षेत्र की बंद खदान में डूबने से युवक की मौत



लोकतन्त्र की आवाज़
साहिबगंज/ मंडरो। मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 नंबर खनन क्षेत्र की एक बंद पड़ी खदान में रविवार को नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से 17 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान महादेवरण निवासी जगलाल चौधरी के पुत्र सुमन चौधरी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, सुमन अपने कुछ दोस्तों के साथ 20 नंबर खनन क्षेत्र स्थित बंद खदान में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में डूब गया। साथ मौजूद दोस्तों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला और परिजनों के साथ तत्काल मिर्जाचौकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से 20 नंबर खनन क्षेत्र सहित सभी बंद पड़ी खदानों की घेराबंदी, चेतावनी बोर्ड लगाने और नियमित निगरानी की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने से भविष्य में ऐसे दर्दनाक हादसों पर रोक लगाई जा सकती है।

### क्षेत्रिय संघर्ष समिति तीनपहाड़ के द्वारा अंडरपास नवीनीकरण कार्य हेतु, उपायुक्त साहिबगंज को सौंपा ज्ञापन



लोकतन्त्र की आवाज़
साहिबगंज। क्षेत्रिय संघर्ष समिति तीनपहाड़ के द्वारा क्षेत्र की महत्वपूर्ण और ज्वलंत मुद्दों को लेकर लगातार आवाज उठा रही है।इसी क्रम में संघर्ष समिति के महासचिव मुर्शीद राजा ने रविवार को रेलवे द्वारा तीनपहाड़ में अंडरपास नवीनीकरण कार्य के लिए जिले के उपायुक्त दीपक कुमार दुबे को संघर्ष समिति के अनुरोध पर राजमहल विधायक एमटी राजा के माध्यम से एक ज्ञापन सौपा है।ज्ञापन के द्वारा समिति ने जिला उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि तीनपहाड़ और उसके मध्य का एक इलाका ऐसा है जिसकी कुल आबादी तकरीबन 80 हजार से भी अधिक है और वैसे आबादी वाले गांव के मध्य से एक बड़ी रेल श्रृंखला गुजरती है जिस कारण पूरा इलाका मुख्य सड़क और शहर से कट जाता है।रेल लाइन के मध्य रेलवे क्रॉसिंग ना होने की वजह से स्थानीय नागरिकों सहित स्कूली बच्चों और एंबुलेंस तक को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।अंडरपास न होने की वजह से आने जाने वाले स्थानीय नागरिक अपनी जान जोखिम में डाल रेल लाइन को पार करते हैं जिससे आए दिन बड़ी दुर्घटना का खतरा हमेशा बना रहता है।इसलिए समिति ने जनहित को ध्यान में रखते हुए उक्त स्थल पर महोदय से रेलवे बोर्ड के पदाधिकारियों से अंडरपास पुल का नवीनीकरण कार्य कराने की दिशा पर पहल करने का अनुरोध किया गया है।

### श्री कृष्णा सिंह के प्रतिमा के पास सिढी का निर्माण कराए जाने पर आभार जताया। ब्रह्मर्षि समाज



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह
मुंगेर। जिला ब्रह्मर्षि समाज के सदस्यों ने कष्टहरणी घाट के पास स्थित श्री कृष्ण वाटिका में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्री कृष्णा सिंह के प्रतिमा के पास सीढ़ी का निर्माण कराए जाने पर आभार व्यक्त किया है मुंगेर जिला ब्रह्मर्षि चेतना मंच के प्रवक्ता अधिवक्ता प्रणव कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कृष्ण वाटिका में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह के प्रतिमा के पास सीढ़ी का निर्माण होने से मुंगेर जिला ब्रह्मर्षि समाज के सदस्यगण बेहद उत्साहित हैं। जब भी हम लोगों को श्री बाबू के जयंती एवं पुण्यतिथि पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करना होता था तो बड़ी मुश्किल से प्रतिमा के पास पहुंचकर हम माल्यार्पण करते थे कई बार हम लोगों ने वन विभाग के पदाधिकारी एवं रेजर को ज्ञापन देकर कई बार हम ब्रह्मर्षि समाज के सदस्यों ने सीढ़ी का निर्माण की मांग को उठाया आखिरकार वन विभाग के पदाधिकारी एवं रेंजर ने ब्रह्मर्षि समाज की मांग को मानते हुए सीढ़ी का निर्माण कराया इसके लिए ब्रह्मर्षि समाज जिले के वन पदाधिकारी एवं रेंजर का आभार व्यक्त करता हूँ एवं धन्यवाद देता हूँ।

### बिहार युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद हेतु ई. रोहित मणि भूषण ने किया नामांकन




लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह
मुंगेर। बिहार युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद के उम्मीदवार ई. रोहित मणि भूषण ने आज पार्टी की चुनावी प्रक्रिया के तहत अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह केवल उनका व्यक्तिगत नामांकन नहीं, बल्कि प्रदेशभर के युवा साथियों, कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नेताओं और शुभचिंतकों के विश्वास, स्नेह एवं आशीर्वाद का सम्मान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और संगठन के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करते हुए उन्हें जो प्रेम और समर्थन मिला है, वही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।ई. रोहित मणि भूषण ने अपने समर्थन में खड़े सभी कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों एवं वरिष्ठ नेताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, युवाओं की आवाज़ को सशक्त करने तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।उन्होंने विशेष रूप से अपने बड़े भाई ई. संजीव सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा छोटे भाई का स्नेह दिया, हर परिस्थिति में मार्गदर्शन किया और इस पूरी यात्रा में मजबूती से साथ खड़े रहे।अंत में उन्होंने कहा कि इस अभियान में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले प्रत्येक साथी, वरिष्ठजन, शुभचिंतक और युवा कार्यकर्ता का वे जीवनभर आभारी रहेंगे तथा आगे भी सभी का स्नेह, आशीर्वाद और समर्थन इसी प्रकार मिलता रहेगा, यही उनकी कामना है।

### जिलाधिकारी ने पॉवर प्लांट का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। भागलपुर जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने अदाणी पावर प्लांट में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण। उन्होंने प्रशासनिक पदाधिकारीयों से सारी जानकारियां ली। पहाड़िया टोली के विस्थापितों के लिए बना रहे आवास स्थल का निरीक्षण किया और महत्वपूर्ण निर्देश दिए।मौके पर पॉवर प्लांट के वरीय पदाधिकारी और पीरपैंती बीडीओ अभिमन्यु कुमार मौजूद थे।

## समस्तीपुर में खुला अत्याधुनिक स्मृति आईवीएफ एंड फर्टिलिटी सेंटर, डिप्टी सीएम ने किया उद्घाटन






लोकतंत्र की आवाज

**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** जिलेवासियों के लिए रविवार का दिन स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि लेकर आया। शहर में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्मृति आईवीएफ एंड फर्टिलिटी सेंटर का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ. स्मृति स्पर्श बिहार की प्रतिष्ठित चिकित्सकों में शामिल हैं और उनकी समर्पित चिकित्सा सेवा के कारण उन्हें हाल ही में बांझपन एवं सहायक प्रजनन तकनीकों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि निःसंतानता आज भी समाज में एक बड़ी समस्या मानी जाती है। ऐसे में समस्तीपुर में आधुनिक आईवीएफ सेंटर की स्थापना न केवल जिले बल्कि आसपास के जिलों के दंपत्तियों के लिए भी बड़ी राहत साबित होगी। अब लोगों को आईवीएफ एवं उन्नत प्रजनन उपचार के लिए दिल्ली, पटना या अन्य महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्हें अपने ही शहर में वैज्ञानिक, सुरक्षित, पारदर्शी एवं संवेदनशील चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी।

उद्घाटन के बाद आयोजित लोकार्पण समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सेंटर की संस्थापक एवं चिकित्सा निदेशक डॉ. स्मृति स्पर्श ने कहा कि यह केंद्र आधुनिक तकनीक, अनुभवी विशेषज्ञों तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित उपचार प्रणाली से सुसज्जित है। यहां पुरुष एवं महिला बांझपन की संपूर्ण जांच एवं उपचार, टेस्ट-ट्यूब बेबी (आईवीएफ), स्पर्म एवं एम्ब्रियो फ्रीजिंग, गर्भधारण पूर्व एवं गर्भावस्था परामर्श, व्यक्तिगत काउंसलिंग सहित वैज्ञानिक उपचार की सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

समारोह के दौरान डॉ. स्मृति स्पर्श ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी सहित विधायक अश्वमेध देवी, विधायक राजेश कुमार सिंह, विधायक राजकुमार राय, विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष खुशबू कुमारी, बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के सदस्य सायन कुणाल तथा भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम सुमिरन सिंह को शाल, पाग, पौधा एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर "नई सुबह मातृत्व की" पुस्तक का भी लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में मिथिला पेंटिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कुन्दन राय, उत्कृष्ट मंच संचालन के लिए प्रधानाध्यापक अनंत कुमार राय तथा संगीत शिक्षक मंगलेश कुमार को उपमुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

समारोह का संचालन प्रधानाध्यापक अनंत कुमार राय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन ने किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, पुलिस अधीक्षक अरविंद सिंह, उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुप्रभात कुमार, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## पीरपैंती में खेल के दौरान 9 वर्षीय छात्र की मौत



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के बाखरपुर थाना क्षेत्र स्थित एक निजी विद्यालय के हॉस्टल में शनिवार को खेल के दौरान हुए हादसे में 9 वर्षीय छात्र आर्यन कुमार की मौत हो गई। आर्यन बाखरपुर पश्चिमी पंचायत निवासी दशरथ मंडल का पुत्र था। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, आर्यन पिछले पांच वर्षों से इसी निजी विद्यालय के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। शनिवार को विद्यालय प्रबंधन ने आर्यन के परिजनों को फोन पर उसकी मौत की सूचना दी। परिजन तत्काल विद्यालय पहुंचे, जहां उन्हें बच्चे की गर्दन में लोहे की छड़ (सरिया) घुसने के निशान मिले। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, आर्यन अन्य बच्चों के साथ विद्यालय परिसर स्थित दुर्गा मंदिर के पीछे खेल रहा था। इसी दौरान खेल-खेल में लोहे की छड़ से हादसा हो गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही बाखरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। थाना प्रभारी नागेन्द्र कुमार ने बताया कि मृतक के पिता दशरथ मंडल ने लिखित बयान में कहा, मेरे पुत्र की मृत्यु खेल के दौरान हुई है।

इस घटना में किसी का कोई दोष नहीं है। मैं अपने पुत्र का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहता। यह बयान मैं गांव के प्रमुख एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में पूर्ण होशो-हवास में स्वेच्छा से दे रहा हूं।

## हर महीने के अंतिम रविवार को पंचायत दिवस आयोजित किया जाएगा : सीएम सम्राट चौधरी

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह**
**मुंगेर।** आज मुंगेर जिले के टेटिया बम्बर प्रखंड अंतर्गत पंचायत टेटिया में दिनांक 28 जून 2026 को "पंचायत विकास दिवस "का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी ने किया इस दौरान उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात का कार्यक्रम का हजारों हजार जन समूह के साथ सामूहिक रूप से श्रवण भी किया। उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक( माह ) महीना के अंतिम रविवार को पूरे बिहार में पंचायत विकास दिवस आयोजित किया जाएगा !

इसका उद्देश्य पंचायत के विकास कार्य की समीक्षा, अधूरे कार्यो का समय बुद्ध निष्पादन तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है, इस कार्यक्रम में जमालपुर के लोकप्रिय , जन प्रिया जमालपुर विधानसभा के युवाओं की धड़कन कहे जाने वाले, हृदय सम्राट, हर दिल अजीज, विधायक श्री नचिकेता मंडल , .जमुई सांसद श्री अरुण भारती, मुंगेर के प्रभारी मंत्री श्री संजय कुमार पासवान, मुंगेर विधानसभा के भाजपा विधायक श्री कुमार प्रणय , बिहार विधान परिषद के सदस्य श्री लालमोहन गुप्ता ( जमालपुर निवासी), पूर्व विधायक तारापुर श्री राजीव कुमार सिंह, मुंगेर जिलाधिकारी श्री निखिल धनराज निप्पनिकर, पुलिस अधीक्षक इमरान मसूद, प्रमंडलीय आयुक्त श्री प्रेम सिंह मीणा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, जदयू एवं भाजपा के कार्यकर्ता कार्यकर्ता एवं शासन, प्रशासन के अधिकारी , एवं विशाल जैन समूह भी मौजूद थे।बिहार सरकार राज्य में गरीबी उन्मूलन और गरीबों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही हैः

## पंचायत विकास दिवस पर गांवों के विकास का रोडमैप तैयार, पंचायतों को सशक्त बनाने का लिया संकल्प



लोकतंत्र की आवाज

**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर/कल्याणपुर।** ग्रामीण विकास को नई दिशा देने और पंचायतों को अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को कल्याणपुर प्रखंड की ग्राम पंचायत राज सिमरिया भिण्डी में पंचायत विकास दिवस-2026 का आयोजन किया गया। समारोह में पंचायतों को आत्मनिर्भर, जवाबदेह और विकासोन्मुख बनाने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि मजबूत पंचायतें ही विकसित बिहार और विकसित भारत की आधारशिला हैं।

कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के प्रभारी मंत्री दामोदर राउत, विधायक महेश्वर हजारी, जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल, सदर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण में ग्राम पंचायत राज सिमरिया भिण्डी के मुखिया ने पंचायत में संचालित विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यों तथा भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने का संकल्प दोहराया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल ने पंचायतों में योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन और जनभागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह में "महिला हितैषी पंचायत" विषय पर आधारित प्रेरक वीडियो का प्रदर्शन किया गया, जिसमें पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व की भूमिका को रेखांकित किया गया।इसी अवसर पर 28 जून से 2 जुलाई तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ प्रभारी मंत्री दामोदर राउत ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचाना है। उन्होंने पंचायतों को ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई बताते हुए प्रशासन और आमजन के समन्वय को विकास की सफलता की कुंजी बताया।

विधायक महेश्वर हजारी ने कहा कि विकसित गांव ही विकसित बिहार और विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से विकास योजनाओं के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन का आह्वान किया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दामोदर राउत ने कहा कि राज्य सरकार पंचायतों को अधिक सशक्त और संसाधन-संपन्न बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, शिक्षा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता पंचायतों की सक्रिय भूमिका पर निर्भर करती है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों में तेजी लाने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" का सामूहिक श्रवण भी किया। अंत में 20 सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष राज कुमार सिंह एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुभीत कुमार सिंह ने किया। समारोह में पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राज्य शिक्षक संघ की बैठक

लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** जिला स्कूल भागलपुर के प्रांगण में बिहार स्टेट टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ( BSTWA ), भागलपुर के कोर कमेटी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में आहूत की गई।

बैठक का महत्वपूर्ण मुद्दा जिला कमेटी को मजबूत करना तथा जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड कमेटी का गठन करने को विशेष प्राथमिकता दी गई तथा इस बात पर जोर दिया गया की शीघ्र ही जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड इकाई का गठन किया जाएगा। शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण हेतु संघ के सभी सदस्यों ने अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

शिक्षकों के समस्याओं के निदान हेतु प्रस्ताव इस प्रकार से हैं।विभिन्न कोटि के शिक्षकों के योग्यता विस्तार संबंधित पत्र निर्गत करने की प्रतिबद्धता जाहिर की गई। योग्यता विस्तार के पत्र में देरी होने के कारण काफी शिक्षकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिला के शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों से शीघ्र इस संबंध में निराकरण की मांग की गई। विरमन तिथि से प्रशिक्षित वेतन निर्धारण करते हुए प्रशिक्षित वेतन एवं अंतर वेतन भुगतान करने की मांग की गई। इसके अलावा और कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव फिरदौस आलम, प्रदेश कोषाध्यक्ष राकेश कुंदन, जिला उपाध्यक्ष अनुपम राजीव, जिला सचिव राजीव कुमार, जिला कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार मिश्रा, राजा कुमार, अनुज कुमार, मनोज प्रसाद यादव, मनोज कुमार शाह, संजीव कुमार विद्यार्थी इत्यादि शामिल थे।

## महिला किसान बनेगी कृषि परिवर्तन की धुरी, सहभागी प्रसार मॉडल पर जोर

लोकतंत की आवाज




**■ पूसा में राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के वैज्ञानिकों ने रखे शोध, एआई, डिजिटल तकनीक और महिला उद्यमिता पर हुआ मंथन**

**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की भूमिका को केवल श्रमिक नहीं, बल्कि परिवर्तन के नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करने की दिशा में डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (आरपीसीएयू), पूसा में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन गंभीर विमर्श हुआ। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे कृषि वैज्ञानिकों, प्रसार विशेषज्ञों और शोधार्थियों ने महिला-केंद्रित कृषि प्रसार, आधुनिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), सहभागी मॉडल और ग्रामीण उद्यमिता जैसे विषयों पर सौ से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत किए।

इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ एक्सटेंशन एजुकेशन (आईएनएसईई) तथा विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मेलन का केंद्रीय विषय "कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की भूमिका को पुनर्परिभाषित करना : सतत कृषि विकास के लिए विस्तार रणनीतियाँ" है। इसमें देशभर के कृषि वैज्ञानिक, नीति-निर्माता, प्रसार विशेषज्ञ और प्रगतिशील किसान भाग ले रहे हैं।

रविवार को आयोजित तकनीकी सत्र-2 में "लिंग संवेदी कृषि प्रसार एवं सलाहकार सेवाएं" विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। अध्यक्षता डॉ. सतीश कुमार सिंह तथा सह-अध्यक्षता डॉ. राजीव बलीराम काले ने की। इस सत्र में 40 से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। डॉ. अधिकराव धनाजी जाधव ने रेशम उत्पादन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का सहभागी मॉडल प्रस्तुत किया। सुश्री विनीता कश्यप ने महिलाओं का श्रम कम करने वाली कृषि तकनीकों पर शोध साझा किया, जबकि सुश्री वर्षा कुमारी ने मक्का प्लांटर एवं टमाटर की निराई पद्धतियों के एर्गोनॉमिक मूल्यांकन के निष्कर्ष प्रस्तुत किए। डिजिटल ग्रीन के अनुभव साझा करते हुए श्री कपिल कुमार ने सहभागी वीडियो आधारित प्रसार मॉडल को समावेशी कृषि विस्तार का प्रभावी माध्यम बताया।

तकनीकी सत्र-3 में "महिलाएं, नवाचार और तकनीक" विषय केंद्र में रहा। अध्यक्षता डॉ. वी.वी. सदामते तथा सह-अध्यक्षता कैप्टन डॉ. एल.बी. कलंत्री ने की। सुश्री राधा ठाकुर ने महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक एजेंसी को मुख्यधारा में लाने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. एस.एस. डोली ने स्टार्टअप आधारित महिला सशक्तिकरण की केस स्टडी प्रस्तुत की। वहीं डॉ. आर.बी. भरसावड़कर ने सिंचाई प्रबंधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग तथा डॉ. अमित कुमार ने आईओटी आधारित मिट्टी की नमी निगरानी प्रणाली पर अपने शोध निष्कर्ष साझा किए।

सम्मेलन के पहले दिन उद्घाटन के बाद आयोजित तकनीकी सत्र में "सतत कृषि-खाद्य प्रणालियों में परिवर्तन वाहक के रूप में महिलाएं" विषय पर चर्चा हुई थी। पूर्व कुलपति प्रो. के. नारायण गौड़ा ने कृषि विकास में महिलाओं के योगदान को रेखांकित किया, जबकि नेपाल के पूर्व कृषि सचिव डॉ. योगेंद्र कुमार कार्की ने सतत कृषि में महिला नेतृत्व की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। इसके अतिरिक्त जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन, डेयरी क्षेत्र में महिलाओं की निर्णय क्षमता, महिला एग्री-स्टार्टअप, मोटे अनाजों की जैव विविधता तथा ग्लेडियोलस आधारित आजीविका जैसे विषयों पर भी अनेक शोधपत्र प्रस्तुत किए गए।

सम्मेलन के आयोजन सचिव एवं स्कूल ऑफ एग्री-बिजनेस एंड रूरल मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. राम दत्त ने कहा कि यह सम्मेलन केवल अकादमिक विमर्श तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर लागू किए जा सकने वाले समाधानों का मंच है। उन्होंने प्रत्येक कृषि विज्ञान केंद्र में महिला किसान सहायता डेस्क स्थापित करने तथा प्रसार कर्मियों को जेंडर-संवेदी प्रशिक्षण देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय महिला उद्यमिता को स्टार्टअप इन्क्यूबेशन और बाजार से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहा है। सहभागी वीडियो, श्रम बचाने वाले कृषि यंत्र और डिजिटल तकनीकों को महिला स्वयं सहायता समूहों तक व्यापक स्तर पर पहुंचाना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है।

सम्मेलन के दौरान 48 वैज्ञानिक पोस्टरों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जबकि शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को भारतीय लोक संस्कृति से रूबरू कराया। तीन दिवसीय सम्मेलन का समापन रविवार को नीति-निर्माताओं एवं विशेषज्ञों की गोलमेज बैठक के साथ होगा। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन से प्राप्त सिफारिशें केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय को भेजी जाएंगी, ताकि महिला-केंद्रित कृषि प्रसार नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें ।

### विराटपुर पावर सबस्टेशन से 28 जून से 9 जुलाई तक प्रतिदिन तीन घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित



**सहरसा संवादाता।**
जिला के सोनवर्षा राज प्रखंड क्षेत्र के विराटपुर विद्युत शक्ति उपकेंद्र से जुड़े सभी पंचायतों एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में 28 जून से 9 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह व्यवस्था रौता ग्रिड से पीएसएस विराटपुर तक 33 केवी विद्युत लाइन की मरम्मत एवं तार बदलने के कार्य के कारण की गई है। सोनवर्षा के कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने बताया कि निर्धारित अवधि के दौरान प्रतिदिन शटडाउन लेकर मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके चलते 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र विराटपुर से जुड़े सभी क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य पहले से निपटा लें तथा विभाग के मरम्मत कार्य में सहयोग करें। विभाग ने बताया कि कार्य पूरा होने के बाद नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### पिपरा पीएचसी में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ,बच्चों को पिलाई गई खुराक



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
अरेराज प्रखंड अंतर्गत पिपरा में अवस्थित अरेराज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में कल रविवार को पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत अरेराज प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) आदित्य नारायण दीक्षित, पिपरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बाबू मिश्रा तथा पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राहुल पाठक ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पोलियोरोधी दवा की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। बीडीओ आदित्य नारायण दीक्षित ने कहा कि पोलियो मुक्त भारत के लक्ष्य को बनाए रखने के लिए प्रत्येक बच्चे तक दवा का खुराक पहुंचाना आवश्यक है। वहीं डॉ. राहुल पाठक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर एवं निर्धारित बूथों पर पहुंचकर बच्चों को खुराक पिलाएगी। उन्होंने लोगों से अभियान में सहयोग करने और किसी भी बच्चे को छूटने नहीं देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्यकर्मी, आशा कार्यकर्ता,आंगनबाड़ी सेविकाएं तथा स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### हरनाटांड़ पीएचसी में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड़ में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ वाल्मीकिनगर विधायक सुरेंद्र कुशवाहा ने नवजात शिशुओं को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया। इस दौरान उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस गंभीर बीमारी से प्रभावित न हो। विधायक सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि पोलियो एक घातक बीमारी है और इससे बचाव का एकमात्र प्रभावी उपाय टीकाकरण है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक बच्चा पोलियो से सुरक्षित रहे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान कोई भी बच्चा छूटने न पाए। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. केबीएन सिंह, डॉ. राजेंद्र काजी, प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. अरसद कमाल, स्वास्थ्य प्रबंधक जितेंद्र कुमार सहित स्वास्थ्य केंद्र के सभी चिकित्सक एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम को अभियान का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने तथा प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने लोगों से भी अभियान में सहयोग करने और अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की।

# पूर्वी चंपारण जिला के सभी 394 पंचायत में ''पंचायत विकास दिवस'' का आयोजन

**प्राप्त संसाधनों का बेहतर उपयोग कर पंचायतों के सर्वांगीण विकास को लक्ष्य बनाकर किया जाए कार्यः प्रभारी सचिव**

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में पूर्वी चंपारण जिले के सभी 394 पंचायतों में रविवार को ₹पंचायत विकास दिवस₹ का आयोजन कर सभी जगह ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। चकिया प्रखंड के रामगढ़ महुआवा पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में आयोजित पंचायत विकास दिवस के अवसर पर आज पूर्वी चंपारण जिला के प्रभारी सचिव शीर्षत कपिल अशोक, जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव,जिला पंचायत राज पदाधिकारी राम जनम पासवान अनुमंडल पदाधिकारी चकिया शिवानी शुभम सहित अन्य पदाधिकारीगण ग्राम सभा में उपस्थित रहे। ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया कबीर खातून के द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम सभा में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए प्रभारी सचिव महोदय ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा पंचायतों के सशक्तिकरण का कार्य लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राप्त संसाधनों का बेहतर उपयोग करें एवं पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें जिसका लाभ पंचायत के सभी लोगों को मिल सके। प्रभारी सचिव ने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार के दिन पंचायत विकास दिवस का आयोजन कर ग्राम सभा की बैठक की जाएगी जिसमें योजनाओं के चयन पर निर्णय लिया जाएगा उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत के सतत विकास के लिए कुल 17 योजनाएं इसमें शामिल की गई है और इसके लिए जो थीम निर्धारित किया गया है पहला थीम महिला हितैषी ग्राम पंचायत है जिसके आधार पर आज ग्राम सभा का आयोजन किया गया है उन्होंने आज की ग्राम सभा में महिलाओं की भागीदारी को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा इससे महिलाओं के द्वारा योजनाओं के चयन को प्राथमिकता मिलेगी। बिहार सरकार के द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए भी लगातार कार्य किया जा रहे हैं जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन रही हैं। प्रभारी सचिव महोदय ने कहा कि पंचायत के विकास की जिम्मेदारी आप सबकी है। योजनाओं का चयन आप लोगों को ही करना है। हम लोग केवल सुझाव दे सकते हैं, निर्णय आपको लेना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने कहा कि पंचायत के विकास के लिए राशि अब सीधे पंचायत के खाते में आता है। पंचायत समृद्ध बनेंगे तो राज्य और राष्ट्र भी समृद्ध होगा। जिला प्रशासन हर कदम पर पंचायत को सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। पंचायत के सतत विकास के लिए पंचायत विकास दिवस का आयोजन आम लोगों को जागरूक करने में सफल होगा। इससे पंचायत की योजनाओं के चयन एवं क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी जिसका लाभ सभी को मिलेगा। इस अवसर पर पंचायत सचिव के द्वारा वित्तीय वर्ष 202526 में प्राप्त राशि और उसे किए गए कार्य का लेखा- जोखा प्रस्तुत किया गया। वहीं पंचायत सचिव के द्वारा बताया गया कि पिछले वित्तीय वर्ष में कुल 45 लख रुपए की राशि विकासमंद में प्राप्त हुई थी जिसमें 22 लाख रुपया व्यय कर कुल 15 योजनाओं को पूर्ण कराया गया है। कुछ योजनाओं पर अभी भी कार्य चल रहा है। शेष बचे 23 लाख रुपया से उन योजनाओं को भी पूर्ण करा लिया जाएगा। पंचायत विकास की राशि से पंचायत सरकार भवन में पुस्तकालय की स्थापना साथ ही साथ छठ घाटों का निर्माण,सड़क निर्माण, पीसीसी का कार्य,विद्यालय में चारदीवारी,सोलर लाइट से संबंधित कार्य कराए गए हैं। ग्राम सभा में पंचायत के उप मुखिया,सरपंच,सभी 14 वार्ड के वार्ड मेंबर भी उपस्थित थे।

जिलांतर्गत रविवार सुबह कई पंचायतों में प्रभात फेरी के माध्यम से दीदियों ने ग्रामीणों को नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया तथा मद्यपान के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए शराबबंदी के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया । हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां एवं नारों के माध्यम से उन्होंने समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया। प्रभात फेरी के उपरांत जिले के सभी पंचायतों में आयोजित ₹प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात₹ कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार एवं आमजन के बीच संवाद को और अधिक सशक्त बनाना तथा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को बढ़ावा देना था। इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई तथा पात्र लाभुकों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, सरकारी पदाधिकारियों,जीविका दीदियों एवं ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा, जनभागीदारी बढ़ाने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने को लेकर भी चर्चा की गई। जीविका दीदियों ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, नशामुक्त समाज के निर्माण तथा पंचायत विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया।

## महेशपुर के पास सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत, मुहर्रम मेला देखने जा रहा था युवक



लोकतंत्र की आवाज

**अमित कुमार**
**सौरबाजार (सहरसा )संवाददाता।**
सौर बाजार थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव के समीप शनिवार के देर शाम को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक मुहर्रम मेला देखने के लिए अपने घर से बाइक पर सवार होकर सौर बाजार जा रहा था। इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार सहुरिया पश्चिमी पंचायत अंतर्गत दानचकला वार्ड संख्या-8 निवासी दिवंगर यादव के 18 वर्षीय पुत्र रिकेश कुमार अपने घर से मुहर्रम मेला देखने के लिए सौर बाजार जा रहे थे। जैसे ही वह महेशपुर गांव के समीप पहुंचे, सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सौर बाजार पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया। लेकिन सदर अस्पताल पहुंचने के कुछ ही देर बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही सौर बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इधर युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मृतक के पिता एवं बड़े भाई दूसरे प्रदेश में मजदूरी करते हैं। उनके घर लौटने का इंतजार किया जा रहा है, इसलिए अंतिम संस्कार फिलहाल नहीं किया गया है। गांव में इस दर्दनाक घटना के बाद शोक का माहौल बना हुआ है।

## मिरचैया में गूंजा हरि नाम,श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**कल्याणपुर।** पकड़ी दीक्षित पंचायत के मिरचैया स्थित बाबा सर्वेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथा वाचन परम पूज्य श्री श्री 108 श्री चंद्र प्रकाश तिवारी महाराज जी द्वारा किया जा रहा है। कथा वाचक महाराज जी ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को धर्म, भक्ति और संस्कारों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उनके मधुर और ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल पर भजन-कीर्तन और भगवान के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में मनीष कुमार, नीतीश कुमार,उज्जवल कुमार पाठक, रत्नेश कुमार, राजीव कुमार,सौरव, हीरो, विक्की कुमार पाठक,सनी, सुमित, रौनक,अभिषेक, जितेंद्र एवं छोटू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और श्रद्धापूर्वक कथा का श्रवण किया।

## सफल प्रतिभाओं का हुआ सम्मान, नैतिक जागरण मंच ने बढ़ाया हौसला

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बीपीएससी, सेना व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों को प्रशस्ति पत्र, पौधा और भगवान राम का 3डी कैलेंडर भेंट बगहा। बिहार लोक सेवा आयोग (70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा) के परिणाम घोषित होने के बाद सफल अभ्यर्थियों के सम्मान का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से पटखौली स्थित सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स एकेडमी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल डेढ़ दर्जन से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जो अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हो सके, उनके अभिभावकों को सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' से हुआ। इसके बाद सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेंद्र उपाध्याय तथा आईटीआई संचालक रवींद्र शुक्ला को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में बगहा-1 से बीडीओ बनी निशा कुमारी के पिता प्रदीप कुमार गुप्ता, हरनाटांड़ से बीडीओ बने धीरज कुमार गुप्ता के पिता उमेश कुमार गुप्ता, ढंढी नरवर-बरवल के लेफ्टिनेंट वैभव राज, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उर्जित वर्मा, अग्निवीर राहुल तिवारी एवं चंदन शर्मा, तथा बाघ के नमकीन पर शोध कर रहे मनोज कुमार शामिल रहे। सभी को प्रशस्ति पत्र, भगवान राम का 3डी कैलेंडर एवं नाशपाती का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण सिंह, संयोजक गिरींद्र पांडेय, अरविंद सिंह, शशि पांडेय, लक्ष्मी खत्री, जनार्दन शुक्ल, टुनटुन गुप्ता, पवन कुमार गुप्ता, मुकुंद पाठक, स्टेशन अधीक्षक संतोष पांडेय, पूर्व स्टेशन अधीक्षक जयकुमार श्रीवास्तव, संजय तिवारी, देव निरंजन दीक्षित, सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स एकेडमी के प्राचार्य आर.के. पाठक, विनय कुमार पाठक और राजेश पाठक सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कोऑपरेटिव कोचिंग सेंटर एवं सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अतिथियों का स्वागत किया। मंच का संचालन करते हुए ट्रस्ट के सचिव निप्पू कुमार पाठक ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि सफलता का मूल मंत्र विनम्रता और निरंतर परिश्रम है। मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के लिए सफलता निश्चित है। इस अवसर पर संजय तिवारी, अरुण कुमार सिंह और गिरींद्र पांडेय सहित अन्य वक्ताओं ने भी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना।

## बगहा में हाईटेक मां दुर्गा विवाह भवन का भव्य शुभारंभ,आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित विवाह भवन क्षेत्रवासियों को देगा बेहतर आयोजन स्थल

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** बगहा-चौतरवा मुख्य मार्ग एनएच-727 स्थित छोटकी पट्टी, बड़गांव (बगहा-1) में रविवार को हाईटेक मां दुर्गा विवाह भवन का वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अशर्फी यादव, दयाशंकर सिंह, मनोज शंकर सिंह, बिमलेंदु उर्फ मुन्ना सिंह एवं रंजन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विवाह भवन का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में स्थानीय गणमान्य नागरिकों, व्यवसायियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। पूरे विवाह भवन को रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक फूलों की सजावट एवं आधुनिक साज-सज्जा से भव्य रूप दिया गया था। अतिथियों ने विवाह भवन का अवलोकन कर इसकी आधुनिक सुविधाओं की सराहना करते हुए संचालकों को शुभकामनाएं दीं। विवाह भवन के निदेशक रविंद्र यादव (सेवानिवृत्त सूबेदार, भारतीय सेना) एवं रंजन यादव ने बताया कि क्षेत्रवासियों को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस विवाह भवन का निर्माण कराया गया है। यहां लगभग 250 लोगों के बैठने की व्यवस्था, आधुनिक मंडप, आकर्षक स्टेज, स्वच्छ शौचालय, पर्याप्त पार्किंग, दुल्हन के लिए विशेष ब्राइडल मेकअप एवं ड्रेसिंग रूम सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि बारातियों एवं मेहमानों के ठहरने के लिए लड़के पक्ष के लिए चार तथा लड़की पक्ष के लिए चार पूर्णतः वातानुकूलित (एसी) कमरे बनाए गए हैं, जिससे आयोजनों के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह विवाह भवन केवल शादी-विवाह ही नहीं, बल्कि तिलक, रिसेप्शन, जन्मदिन, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अन्य पारिवारिक आयोजनों के लिए भी उपलब्ध रहेगा। इस अवसर पर दयाशंकर सिंह ने कहा कि इस तरह का आधुनिक एवं सुव्यवस्थित विवाह भवन क्षेत्र के विकास का प्रतीक है। इससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और कार्यक्रमों का आयोजन अधिक व्यवस्थित ढंग से हो सकेगा। वहीं जदयू नेता बिमलेंदु उर्फ मुन्ना सिंह ने इसे बगहा क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि अब लोगों को बेहतर आयोजन स्थल के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। समारोह में अजीत यादव, भूषण यादव, राकेश यादव, सुनील दत्त पांडेय, राजा यादव, गुड्डू यादव, विकाश सिंह, अजय सिंह, प्रदीप पांडेय, गोलू चौरसिया, राजू यादव, हरि यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विवाह भवन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संचालकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बिहार इकाई का गठन

लोकतंत्र की आवाज



- डॉ. अरविंद नाथ तिवारी बने प्रदेश अध्यक्ष, पत्रकारों की एकजुटता और हितों की रक्षा पर हुआ मंथन

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बगहा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बिहार इकाई के गठन एवं राज्य स्तरीय बैठक समारोह का आयोजन रविवार को वाल्मीकि विहार सभागार में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों, बिहार एवं उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न जिलों से आए पत्रकार प्रतिनिधियों एवं समिति के सम्मानित सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में संगठन के विस्तार, पत्रकारों के हितों की रक्षा तथा भावी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समारोह का संचालन बिहार प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संयोजक प्रो. डॉ. अरविंद नाथ तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्त उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता नरेश सक्सेना, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में वाल्मीकिनगर विधायक सुरेंद्र प्रसाद शामिल हुए। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड़, बगहा-2 के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. के.वी.एन. सिंह, बिहार प्रभारी ओम प्रकाश द्विवेदी, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी अतिथियों का पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बिहार इकाई का गठन किया गया तथा प्रो. डॉ. अरविंद नाथ तिवारी को संगठन का बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन पर उपस्थित पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का संकल्प लिया। समारोह में बिहार एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जिला अध्यक्षों, अनुमंडल अध्यक्षों तथा बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया। वक्ताओं ने पत्रकारों की एकजुटता, निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता तथा संगठनात्मक मजबूती पर बल देते हुए कहा कि ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं के समाधान एवं उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन निरंतर कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर भोजपुर में पुलिस गोलीबारी में मृत भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया।

# मोतिहारी : जून चक्र के पल्स पोलियो अभियान की हुई शुरुआत, डीएम ने बच्चों को पिलाई खुराक

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
जिले में जून चक्र 2026 के पल्स पोलियो अभियान का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने बरियारपुर के वार्ड संख्या-44 स्थित महादलित टोला में फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कई बच्चों को खुद पोलियो की खुराक पिलाई।
इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को बनाए रखने के लिए पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं तथा स्वास्थ्यकर्मियों को सहयोग करें। कार्यक्रम में मौजूद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रतिनिधि मनोज तुमराडा ने बताया कि जिले में अभियान के सफल संचालन के लिए 1863 घर-घर भ्रमण करने वाली टीमों तथा 275 ट्रांजिट टीमों की तैनाती की गई है। ये टीमें 28 जून से 2 जुलाई तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों को पोलियो की खुराक उपलब्ध कराएंगी। सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार एवं जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि अभियान की नियमित एवं गंभीरता से मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि जिले का कोई भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य शत-प्रतिशत बच्चों तक पहुंचकर उन्हें पोलियो से सुरक्षित करना है।

**पोलियो को लेकर विशेष सतर्कताः** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों में पोलियो संक्रमण के मामले सामने आने के कारण पूरे देश में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। हालांकि भारत पोलियो मुक्त घोषित हो चुका है, लेकिन अन्य देशों में वायरस की मौजूदगी को देखते हुए संक्रमण के प्रसार की आशंका बनी रहती है। बाहरी राज्यों एवं देशों से लोगों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए जिले में विशेष एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। सिविल सर्जन डॉ.दिलीप कुमार ने कहा कि बाहर से आने वाले परिवारों को भी अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर टीकाकरण और पल्स पोलियो अभियान में सहभागिता है।

## मोहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, एसडीएम व एसडीपीओ करते रहे मानिटरिंग

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।**
मोहर्रम पर्व को लेकर बख्तियापुर थाना पुलिस पूरी तरह अलर्ट नजर आई। शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) आलोक राय एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मुकेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में बख्तियापुर थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल ने थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में मानिटरिंग करते नजर आए। इस दौरान अधिकारियों ने संवेदनशील स्थलों, ताजिया मार्गों एवं प्रमुख चौक-चौराहों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर आपसी भाईचारा एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की बात कही। एसडीएम आलोक राय ने कहा कि मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा लगातार गश्ती की जा रही है। एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है। इंटरनेट मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर है। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। पूरे क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता से आम लोगों में सुरक्षा का विश्वास भी बढ़ा है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हादसे में घायल युवक नवादा रेफर

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड के स्थित जमुई पथ पर गांव डुमरावा राईस मिलनवादा– हादसे में घायल युवक नवादा रेफर जमुई पथ पर डुमरावां राईस मिल के पास सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा शनिवार की रात को 10 बजे के आस पास हुआ। बताया जाता है कि कादिरगंज के हसनपुरा गांव निवासी दिनेश यादव बाइक से पकरीबरावां की ओर आ रहा था। इस दौरान डुमरावां राईस मिल के पास लगे ट्रक से टकरा गया। एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी ने बताया कि वे उधर ही जा रहे थे। दुर्घटना को देखकर वे रुके। तुरंत घायल के परिवार वालों को इसकी जानकारी दी गई एवं घायल व्यक्ति को पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे इलाज के लिए नवादा रेफर कर दिया गया है। पथ पर डुमरावां राईस मिल के पास सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा शनिवार की रात को 10 बजे के आस पास हुआ। बताया जाता है कि कादिरगंज के हसनपुरा गांव निवासी दिनेश यादव बाइक से पकरीबरावां की ओर आ रहा था। इस दौरान डुमरावां राईस मिल के पास लगे ट्रक से टकरा गया। एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी ने बताया कि वे उधर ही जा रहे थे। दुर्घटना को देखकर वे रुके। तुरंत घायल के परिवार वालों को इसकी जानकारी दी गई एवं घायल व्यक्ति को पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे इलाज के लिए नवादा रेफर कर दिया गया है।

### पंचायत विकास दिवस में योजनाओं की दी गई जानकारी



धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावां। पकरीबरावा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रविवार को पंचायत विकास दिवस मनाया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में पकरीबरावां प्रखण्ड की उत्तरी ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में मुखिया ममता देवी की अध्यक्षता में पंचायत विकास दिवस मनाया गया। पंचायत सचिव राजीव कुमार ने उपस्थित लोगों को महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। बताया गया कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पंचायत दिवस मनाया जाना है। इस अवसर पर जीविका की प्रखंड समन्वयक शांति कुमारी, पंचायत कार्यपालक सहायक रणधीर कुमार, जीविका के कुशल विस्तार कार्यकर्ता नीलम कुमारी ,जीविका की सोनम कुमारी, पंचायत स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पकरीबरावा उत्तरी धर्मेंद्र कुमार शर्मा, आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदियां, आंगनबाड़ी सेविकाएं, वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे।

### औरंगाबाद - हाईवा की टक्कर से दो लोग गंभीर रूप से घायल, गयाजी रेफर

**श्रवण कुमार प्रखंड संवाददाता गोह,**

गोह( औरंगाबाद) गोह थाना क्षेत्र के एन एच 120 पर गयाजी–दाउदनगर मुख्य पथ पर रविवार को सरेया मोड़ के समीप हाईवा व टोटो की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें एक महिला व टोटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कुरमाईन गांव निवासी त्रिभुषन सिंह के 40 वर्षीय पत्नी नीलम देवी व उपहारा थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव निवासी हरिद्वार सिंह के 35 वर्षीय पुत्र चंदन सिंह शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि टोटो गयाजी के तरफ से सवारी लेकर गोह की ओर जा रहा था। जबकि हाईवा दाउदनगर के तरफ से आ रही थी। जैसे ही सरेया मोड़ के समीप पहुँचा की हाईवा ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से गोह पीएचसी में भर्ती कराया गया । जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए गयाजी मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने हाईवा व टोटो को जब्त कर थाना लाया है। मामले में थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गोह पुलिस ने विभिन्न कांडों के फरार आरोपी को किया गिरफतार

**श्रवण कुमार प्रखंड संवाददाता गोह,**

गोह (औरंगाबाद)गोह थाना पुलिस ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना कांड संख्या 53/24 के फरार अभियुक्त जितेन्द्र साव को घर से गिरफ्तार किया है ।फरार अभियुक्त औरंगाबाद जिला के आजन थाना मुख्यालय के निवासी रामप्रवेश साव का पुत्र है ।पुलिस के अनुसार, उक्त मामले में भारतीय न्याय संहिता लागू होने से पूर्व की भारतीय दंड संहिता (भादवि) की धारा 379 (चोरी), 411 (चोरी की संपत्ति रखना), 467 (जालसाजी), 420 (धोखाधड़ी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), 471 (जाली दस्तावेज का उपयोग) तथा 34 (समान उद्देश्य) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त दो वर्षों से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे माननीय न्यायालय भेज दिया गया है।

# समस्तीपुर : एसएच-88 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत, आक्रोशित लोगों ने शव रखकर किया सड़क जाम

लोकतंत्र की आवाज



**रामजी कुमार।**

**समस्तीपुर।** दलसिंहसराय नगर थाना क्षेत्र के पांड पंचायत स्थित वार्ड संख्या-10 में रविवार शाम एसएच-88 पर हुए सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया और मुआवजे के साथ अज्ञात वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग की।

मृतक की पहचान पांड पंचायत वार्ड संख्या-10 निवासी 60 वर्षीय प्यारे महतो के रूप में हुई है। बताया गया कि वह प्रतिदिन की तरह घर से मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वृद्ध की मौत से आक्रोशित लोगों ने शव को एसएच-88 पर रखकर सड़क जाम कर दिया। इसके कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कई घंटों तक आवागमन बाधित रहा। स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रमोद कुमार ने बताया कि मृतक रोज की तरह मंदिर जा रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं, मुखिया पति ने कहा कि इस सड़क पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों से स्पीड ब्रेकर बनाने और गति नियंत्रण संबंधी चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना था कि यदि समय रहते सुरक्षा उपाय किए गए होते तो इस हादसे से बचा जा सकता था। सूचना मिलने पर दलसिंहसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात वाहन एवं उसके चालक की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

# औरंगाबाद - लूडो खेलने के विवाद में दो पक्ष भिड़े, 6 घायल



लोकतंत्र की आवाज

**श्रवण कुमार प्रखंड संवाददाता गोह**

**गोह (औरंगाबाद)** देवकुंड थाना क्षेत्र के बनतारा गांव में शनिवार को लूडो खेलने के दौरान हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष के छह महिला-पुरुष घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ देवकुंड थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, 26 जून की शाम मुकेश, महाबली और अखिलेश नहर के पास बने पुल पर लूडो खेल रहे थे। इसी दौरान गांव के बिजौर खान अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचे और कथित रूप से गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में बीच-बचाव करने पहुंचीं महिलाओं समेत कई लोग घायल हो गए। घायलों में राजरानी देवी, महाबली पासवान, अंकित कुमार और अखिलेश कुमार सहित छह लोग शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए हसपुरा रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल चार लोगों को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया गया। दूसरे पक्ष के भी कुछ लोगों के घायल होने की जानकारी है। प्रथम पक्ष की ओर से राजरानी देवी ने थाने में लिखित आवेदन देकर जातिसूचक गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। दोनों पक्षों की ओर से कुल लगभग डेढ़ दर्जन लोगों को नामजद किया गया है। थानाध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पकरीबरावा : रोहुआ में युवक की एक आंख फोड़ी, पटना रेफर

लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड स्थितक्षेत्र के गांवरोहुआ में एक युवक के साथ मारपीट कर उसकी एक आंख को फोड़ दिया गया। एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी ने बताया कि इस मामले में घायल युवक की पत्नी द्वारा कराई गई प्राथमिकी के नामजदों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रोहुआ गांव का प्रदीप गुप्ता का पुत्र सूरज कुमार गुप्ता शादी- व्याह एवं अन्य कार्यों में खाना बनाने का काम करता है। इस कार्य के लिए वह मजूदर लाने के लिए गांव के ही महादलित टोला में गया हुआ था। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर वहां विवाद हो गई और उसके साथ मारपीट के बाद उसकी एक आंख को फोड़ दिया गया। घायल युवक की पत्नी पूजा कुमारी ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें दो लोगों को नामजद बनाया है। उन्होंने प्राथमिकी के लिए दिए गए आवेदन में लिखा है कि जब उसका पति मजदूर की तलाश में मोहल्ले में गया, तब यह कहकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दिया गया कि तुम हमारे दारू बेचने की सूचना थाना को देते हो। चर्चा है कि जिस समय उसके साथ मारपीट की जा रही थी, उस समय वहां पर लोग तमाशबीन बने हुए थे। किसी ने उसे बचाने का प्रयास नहीं किया और उसकी एक आंख फोड़ दी गई। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे विम्स पावापुरी रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि वहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि घायल युवक की पत्नी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## दधपी पंचायत में महिला हितैषी ग्राम पंचायत बनी मुख्य थीम

लोकतंत्र की आवाज



**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

**गोह (औरंगाबाद)** प्रखंड के बीसों पंचायत में रविवार को पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत दधपी स्थित पंचायत सरकार भवन में विशेष आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया उर्मिला देवी ने की। जबकि संचालन पीआरएस संतोष कुमार ने किया। जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया प्रतिनिधि ईश्वर दयाल ने कहा कि पंचायत को महिला सशक्तिकरण का केंद्र बनाना ही असली विकास है। उन्होंने महिलाओं से ग्राम सभा और विकास योजनाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।कार्यक्रम में विचारणीय विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें लैंगिक समानता में महिला-पुरुष को समान अधिकार और सम्मान। महिला सभा में महिलाओं की सक्रिय भूमिका। घरेलू हिंसा, बाल विवाह, दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता। बालिकाओं की शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, व्यावसायिक प्रशिक्षण। स्वरोजगार हेतु उद्यमिता से जोड़ना। मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, सुरक्षित पेयजल। सुरक्षित शौचालय, स्ट्रीट लाइट, आंगनबाड़ी केंद्र पर विशेष चर्चा किया गया।बैठक में मौजूद महिलाओं और पुरुषों ने दधपी को महिला हितैषी पंचायत बनाने का संकल्प लिया। पंचायत प्रतिनिधियों ने भरोसा दिलाया कि महिलाओं के लिए सुरक्षित शौचालय, स्ट्रीट लाइट और कौशल प्रशिक्षण केंद्रों पर जल्द काम शुरू होगा। इस मौके पर पंचायत सचिव देवेंद्र कुमार, सरपंच संजू देवी,पीएम आवास सहायिका रागिनी कुमारी, सौरभ वर्मा, शैलेश कुमार, यमुना प्रसाद, महेंद्र सिंह, दीपक कुमार, जगदम्बा राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## औरंगाबाद : गोह में भव्य जन्माष्टमी महोत्सव 2026 की तैयारी शुरू, प्रतिभा सम्मान और भागवत कथा होगी

लोकतंत्र की आवाज



**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

गोह (औरंगाबाद) श्री कृष्ण सामाजिक सेवा संघ, गोह की ओर से जन्माष्टमी महोत्सव-2026 धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर श्री कृष्ण जन्माष्टमी सामुदायिक भवन में संघ की बैठक हुई। अध्यक्षता महोत्सव समिति अध्यक्ष दीपक दिनकर ने की।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा कराई जाएगी। मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही एक दिवसीय शिक्षा सेमिनार भी आयोजित होगा। महोत्सव में श्रीमद्भागवत कथा, भव्य शोभायात्रा तथा विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। संघ के संयोजक अजय यादव ने बताया कि महोत्सव को ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारी शुरू हो गई है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से सहभागिता की अपील की। बैठक में भोजपुरी गजल गायक राजा मंडल, धर्मेंद्र कुमार, नवलेश यादव, दिनकर यादव, ईश्वर दयाल यादव, डॉ. अरुण कुमार सिंह, अरुण यादव, शंभू कुमार भारती, प्रो. रंजीत यादव, सौरभ पांडे, नीरज पासवान, आशुतोष यादव, साधु विकास कुमार, डॉ. विकास यादव समेत बड़ी संख्या में शिक्षक, समाजसेवी और युवा शामिल हुए। सभी ने महोत्सव को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## सिरदला : पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला नवादा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों एवं पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के दौरान प्रत्येक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान कोई भी बच्चा दवा पीने से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए बूथों के साथ-साथ घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक मनोज कुमार सिंह, बीसीएम राजमणि कुमार, एलएस हेमा कुमारी, डॉ. उपेंद्र कुमार, एएनएम रेखा कुमारी सहित पल्स पोलियो अभियान से जुड़े सभी सुपरवाइजर एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। अभियान की निगरानी एवं शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

## वारिसलीगंज प्रखंड में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ ताजिया का पहलाम

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के मकनपुर,माफी गली तथा तकिया पर मोहल्लों के ताजियों का पहलाम शनिवार की देर शाम सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही हसन-हुसैन की शहादत में मनाया जाने वाला मुहर्रम शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था के बीच उत्साहित युवाओं द्वारा मकनपुर तथा माफी गली के ताजिये को पहलाम के लिए नेवाजगढ़ स्थित कर्बला ले जाया गया। बता दें कि प्रखंड के कुल 20 स्थानों पर मुहर्रम का ताजिया बनाने का लाइसेंस स्थानीय थाना द्वारा निर्गत किया गया है। जिसमें बाधी बरडीहा पंचायत की जोगना तथा मोहिउद्दीनपुर पंचायत की भेड़िया गांव में ताजिये का निर्माण हिन्दू परिवार करते आ रहे हैं। यह परंपरा करीब 50 वर्षों से चली आ रही है। क्योंकि उक्त दोनों गांवों में एक घर भी मुस्लिम परिवार नहीं है। बावजूद हिन्दू परिवार मुहर्रम की सभी रस्म पूरी करते हुए ताजिया बनाते हैं।

**पहलाम के दौरान सजता है अखाड़ा:** वारिसलीगंज प्रखंड के अधिकांश गांव में मुस्लिम परिवार हिन्दुओं के सहयोग से मुहर्रम के दौरान ताजिया बनाकर अखाड़ा सजाते हैं। यह त्योहार क्षेत्र में हिन्दू मुस्लिम एकता को बल देता है। साथ ही साम्प्रदायिक सौहार्द का परिचायक है।त्योहार के दौरान मकनपुर गांव में चार दिनों तक इमामबाड़ा के आस पास आधा दर्जन निठाई, नमकीन, चाट चाउमीन तथा खिलौने की दुकान सजी रहती है।जहां ग्रामीण देर रात तक मेले का आनंद उठाते हैं। मकनपुर के ताजिया जुलूस में एक खासियत होती है। चार ताजिया के अलावे एक बड़ा सा खूबसूरत नौबतखाना बनता है। जिसमें बैठकर शहनाई वादक परंपरागत मातमी सुन बजाते हैं जो मुसलमान युवाओ में जोश भरने का कार्य करता है। जो काफी कर्णप्रिय होता है।

## समस्तीपुर में राजद की बैठक, 5 जुलाई के स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों पर मंथन

लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** कर्पूरी आश्रम स्थित राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिला कार्यालय में रविवार को जिला प्रभारी सह पूर्व विधायक निरंजन राय के मार्गदर्शन एवं जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में हाल ही में सभी प्रखंडों में आयोजित धरना कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा 5 जुलाई को मनाए जाने वाले पार्टी के 29वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उजियारपुर विधायक सह पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, पूर्व मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, मोरवा विधायक रणविजय साहू, पूर्व मंत्री वैद्यनाथ सहनी, पूर्व विधायक डॉ. एज्या यादव, राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द सहनी, उजियारपुर संगठन जिलाध्यक्ष राजेश्वर महतो तथा वरिष्ठ नेता सत्यविन्द पासवान ने कहा कि राजद की स्थापना 5 जुलाई 1997 को लालू प्रसाद यादव ने सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से की थी।

वक्ताओं ने कहा कि पार्टी ने अपने गठन के बाद से पिछड़े वर्गों, दलितों, अल्पसंख्यकों और गरीबों के अधिकारों की लड़ाई को प्राथमिकता दी है। उन्होंने मंडल आयोग की सिफारिशों के क्रियान्वयन, केंद्र की यूपीए सरकार में राजद की भूमिका, लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री कार्यकाल तथा 2015 में महागठबंधन सरकार के गठन को पार्टी की महत्वपूर्ण उपलब्धियां बताया। नेताओं ने कहा कि वर्तमान में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद युवाओं के रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और जनसरोकारों के मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। इसकी जानकारी जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर पड़रिया पंचायत में हुआ ग्रामसभा का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

राजपुर। राजपुर प्रखंड के पड़रिया पंचायत भवन पर हुआ ग्राम सभा का आयोजन। यह ग्राम सभा माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर आयोजन हुआ। इस ग्राम सभा की अध्यक्षता पड़रिया पंचायत के मुखिया श्री संतोष कुमार सिंह जी ने की। उन्होंने यह बोला की अब हर महीने के अंतिम रविवार को हर पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा। बिहार सरकार ने ग्रामीण विकास और पंचायती राज व्यवस्था को नई मजबूती देने के लिए एक अभूतपूर्व कदम उठाया है। अब राज्य की सभी पंचायतों में हर महीने के अंतिम रविवार को अनिवार्य रूप से ग्राम सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य गांवों में विकास योजनाओं की सतत निगरानी, जन समस्याओं का त्वरित समाधान और पंचायती व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। ग्राम सभा में पंचायत सचिव अमित कुमार, समाजसेवी संतोष पाण्डेय, वार्ड सदस्य अजित कुमार, prs सुदामा प्रसाद, पर्यवेक्षक इसराइल अंसारी, किसान सलाहकार ब्रजेश कुमार, वार्ड सदस्य मिथिलेश उपाध्याय, प्रियंका देवी, विकासमित्र नीलम देवी तथा सभी जनप्रतिनिधि तथा जनतागण उपस्थित थे।

### मोहर्रम पर्व सम्पन्न होने के बाद बिजली व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे डीएम-एसपी, जल्द सुधार का निर्देश

लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। सासाराम शहर में मुहर्रम पर्व के अवसर पर ताजिया पहलाम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने के बाद जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक, रोहतास रौशन कुमार आधी रात में विद्युत कार्यालय पहुंचे। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने विद्युत व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने विद्युत विभाग के अभियंता से यह सुनिश्चित करने को कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी क्षेत्रों में शीघ्र और सुरक्षित तरीके से बिजली आपूर्ति बहाल किया जाए। जिला पदाधिकारी ने विभाग के अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिया कि विद्युत आपूर्ति बहाल करने से पूर्व सभी तकनीकी मानकों की जांच सुनिश्चित कर लिया जाए। विद्युत विभाग के अभियंता ने जिला पदाधिकारी को अवगत कराया कि आवश्यक तकनीकी जांच पूरी करने के बाद जल्द विद्युत आपूर्ति को पूरी तरह सामान्य कर दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल होने में कुछ समय लग रहा हो तो धैर्य बनाए रखें। विद्युत विभाग की टीमें लगातार कार्यरत हैं और सभी क्षेत्रों में जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

### बीपीएससी पास कर कार्यालय पदाधिकारी नियुक्त होने पर किया गया सम्मान समारोह आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

दावथ। प्रखंड क्षेत्र के कोआथ नगर पंचायत अध्यक्ष व गगटी निवासी धर्मेन्द्र चौधरी भतीजा राजन पटेल के बीपीएससी पास कर कार्यालय पदाधिकारी नियुक्त होने पर रविवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर नवनियुक्त कार्यपालक पदाधिकारी को फुल माला और अंग दे सम्मानित किया। सम्मान समारोह में आएं स्थानीय विधायक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि राजन पटेल का यह सम्मान समारोह तो है ही, लेकिन और लोगों के लिए सफलता के लिए प्रेरणा भी है। कोशिश और मेहनत करने वाले ही सफलता के शिखर तक पहुंचते हैं। चाहें वो किसी भी तरह की मेहनत और कोशिश हो। मैं भी अतिउत्साह में हूं कि हमारे क्षेत्र का युवक एक अच्छे पद पर चयनित हुआ है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी ने बताया कि राजन शुरू से ही पढ़ने में काफी मेहनत करता था। जिसके मेहनत के बदौलत आज परिवार के साथ गांव घर और क्षेत्र का नाम रौशन किया है। वहीं कार्यपालक पद पर चयनित राजन पटेल ने बताया कि वह अपनी प्रारम्भिक पढ़ाई सैनिक स्कूल तामिलनाडु से किसी और उच्च शिक्षा एएन कालेज पटना से किया हूं। हमारे सफलता का श्रेय माता पिता के साथ पुरे परिवार का है जो आज उन्ही लोगों के प्रेरणा स्त्रोत और आशीर्वाद से चौथे प्रयास से चयनित हुआ है। और आगे के लिए पढ़ाई जारी रहेगी। मौके पर जदयू के प्रखंड अध्यक्ष गंगा सिंह, अभिषेक कुमार, जिला पार्षद प्रतिनिधि विकास कुमार, उसरी पैक्स अध्यक्ष ज्योति प्रकाश, नगर उपाध्यक्ष के प्रतिनिधि रिची गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### उदयपुर में शतचंडी महायज्ञ को लेकर एक जुलाई को निकलेगी भव्य जलभरी सह शोभायात्रा

लोकतंत्र की आवाज

संझौली। प्रखंड क्षेत्र के उदयपुर गांव में आयोजित होने वाले शतचंडी महायज्ञ को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। महायज्ञ के शुभारंभ के अवसर पर 1 जुलाई को भव्य जलभरी सह शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसकी जानकारी यज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों ने दी। समिति के अनुसार जलभरी सह शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिला-पुरुष एवं युवाओं की सहभागिता रहेगी। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु धार्मिक ध्वज, कलश एवं जयघोष के साथ क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। जलभरी कार्यक्रम के लिए श्रद्धालु संझौली स्थित शिव सरोवर तालाब पहुंचेंगे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ जल संग्रहण कराया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि शतचंडी महायज्ञ के माध्यम से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की जाएगी। महायज्ञ को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से जलभरी सह शोभायात्रा एवं महायज्ञ में भाग लेकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का उदघाटन हुआ

लोकतंत्र की आवाज

नासरीगंज। स्थानीय प्रखण्ड के मंगराव पंचायत में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का उदघाटन मुखिया वकील यादव ने फीता काटकर रविवार को किया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के निर्माण से अब पंचायत वासियों को सुविधा होगी। सभी कार्य जो प्रखण्ड कार्यालय में जाकर कराए जाते थे अब पंचायत सरकार भवन में ही निष्पादित होंगें। उक्त नव निर्मित भवन में ही मुखिया के अध्यक्षता में पंचायत विकास दिवस का भी आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं से सम्बंधित थीम पर महिलाओं से जुड़े समस्याओं को मुखिया द्वारा प्राथमिकता से सूचीबद्ध किया गया तथा इसके त्वरित निष्पादन को ले आश्वासन दिया गया। मौके पर उप मुखिया श्रीमन नारायण, पैक्स अध्यक्ष अशोक मिश्रा, पंचायत सचिव रंजीत रजक , वार्ड सदस्य उमाशंकर सेठ, अजित सिंह, अमरेन्द्र कुमार, समेत बड़ी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।

### पडूरी में पहला विकास दिवस का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

नासरीगंज। प्रखण्ड के मॉडल पंचायत पडूरी में पहला विकास दिवस का आयोजन पंचायत की मुखिया रीता देवी की अध्यक्षता में हुआ। उक्त शिविर में जिला प्रभारी सचिव संजय कुमार आर पुडलकुट्टी, जिला कला संस्कृति विभाग के वरीय प्रभारी पंकज कुमार, डीसीएलआर सन्तोष कुमार, प्रमुख योगेश कुमार, बीडीओ, मो0 नौशाद आलम सिद्दीकी, बीपीआरओ प्रगति सिंह, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उदघाटन राष्ट्रीय गान, राष्ट्रिय गीत वंदेमातरम, बिहार गीत के गायन से हुआ। उक्त कार्यक्रम सशक्त विकास लक्ष्य थीम नाइन के अंतर्गत महिला हितैषी पर आधारित था। इस अवसर पर प्रभारी सचिव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस बार महिलाओं के उत्थान को बढ़ावा देना थीम है। जिसका सभी महिलाएं लाभ उठाएं। कार्यक्रम में नशा मुक्ति अभियान को ले नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा के सेवन नहीं करने का संदेश जिला से आई नुक्कड़ नाटक मंडली के सदस्यों के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित क़रती हुई प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी प्रगति सिंह ने पंचायती राज के योजनाओं पर प्रकाश डाला। आज का कार्यक्रम में महिलाओं के उत्थान से सम्बंधित था, जिसमें आंगन बाड़ी सेविका एवं जीविका दीदियों को उनके कार्ययोजना के सम्बंध में पंचायतों में सरकार के महिलाओं से जुड़ी विभिन्न योजना को ले जागरूक करने का संदेश दिया गया है। मौके पर पंचायत सचिव अवकाश तिवारी, आंगन बाड़ी सेविका, सहायिका, जीविका दीदी,आवास सहायक समेत बड़ी संख्या में पंचायत वासी ग्रामीण उपस्थित थे।

### पंचायत दिवस मनाया गया, इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा किया गया संगीत प्रस्तुत

लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। रविवार को रोहतास जिला अंतर्गत पंचायत विकास दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा संगीत प्रोग्राम प्रस्तुत किया गया।कला संस्कृति विभाग द्वारा तीनों पंचायतों में महिलाओं को शराब संबंधित जन जागरुकता और शराब की बुलाई पर नाटक की प्रस्तुति कला जत्था के माध्यम से किया गया। इससे संबंधित गायन प्रस्तुत किया गया। शिक्षकों द्वारा मद्य निषेध नीति संबंधित ज्ञान प्रस्तुत किया गया। जीविका दीदीओ द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई एवं लोगों को जागरूक किया गया। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत आंगनवाड़ी सेविका व सहायिकाओं द्वारा रैली निकाली गई, साथ ही विचार गोष्ठी आयोजित की गई। आंगनवाड़ी सेविका व सहायिकाओं द्वारा आदिवासी, दलित एवं महादलित टोलों में लोगों को शराब नहीं पीने संबंधी शपथ ग्रहण करायी गयी। कल्याण विभाग द्वारा आदिवासी, दलित एवं महादलित टोला में प्रभात फेरी निकाली गई साथ ही जन जागरुकता अभियान चलाया गया।

# पंचायत विकास दिवस के तहत जिले के ग्राम पंचायतों में व्यापक कार्यक्रम किए गए आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**सासाराम।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले "पंचायत विकास दिवस" के तहत आज दिनांक 28 जून 2026 को रोहतास जिले के ग्राम पंचायतों में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में नासरीगंज प्रखंड के पडुरी पंचायत भवन में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी सचिव, रोहतास-सह-सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार श्री संदीप कुमार आर. पुडकलकुट्टी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया। इस अवसर पर इस अवसर पर जिला प्रभारी सचिव द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य पंचायतों को अधिक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं जनकल्याणकारी बनाना है, ताकि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना, आमजन को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ावा देना है।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ बिना किसी विलंब के उपलब्ध कराएं। जिला प्रभारी सचिव ने पंचायत स्तर पर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

इस माह के विशेष कार्यक्रम का मुख्य विषय (थीम) "महिला हितैषी ग्राम पंचायत" रखा गया था, जिसके तहत ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। जिले के पंचायतों में पंचायत प्रतिनिधियों (मुखिया, वार्ड सदस्य), ग्राम सभा के सदस्यों, युवाओं और जीविका दीदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस दौरान गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेंशन और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर त्वरित कार्रवाई हेतु रोडमैप तैयार किया गया। थीम के अनुरूप पंचायतों में महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उपायों पर चर्चा हुई।

## सासाराम में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ ताजिया जुलूस, अमन-चैन और भाईचारे का दिया संदेश



लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर शनिवार को सासाराम शहर में सभी ताजिया निर्धारित मार्ग से बस्ती मोड़ होते हुए पहलाम स्थल की ओर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रस्थान किए। पूरे जुलूस के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय रहा तथा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

ताजिया जुलूस की निगरानी जिला पदाधिकारी, रोहतास श्री दीपक कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक, रोहतास श्री रौशन कुमार द्वारा लगातार की जाती रही। दोनों वरीय अधिकारियों ने कंट्रोल रूम एवं विभिन्न मार्गों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर बनाए रखी और प्रतिनियुक्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे।

अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम तथा संबंधित थानाध्यक्ष भी लगातार क्षेत्र का भ्रमण करते रहे। जुलूस मार्ग के संवेदनशील एवं चिन्हित स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी, जिससे विधि-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही।

प्रशासन द्वारा यातायात, भीड़ प्रबंधन तथा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से जुलूस की सतत निगरानी की गई। प्रशासन की सतर्कता तथा आमजन एवं ताजिया समितियों के सहयोग से मुहर्रम का पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

जिला प्रशासन ने सभी ताजिया समितियों, मरकजी मुहर्रम कमिटी, स्वयंसेवकों, जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारे की भावना से ही जिले में पर्व-त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

## जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा द्वारा पोलियो की दो बूंद जीवन रक्षक दवा पिलाकर जिले में पल्स पोलियो अभियान 2026 का किया गया शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** दिनांक 28 जून 2026 को रोहतास जिले में पल्स पोलियो अभियान–2026 का शुभारंभ जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा जमोधी पंचायत में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की दो बूंद जीवन रक्षक दवा पिलाकर किया गया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी महोदय ने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लिए प्रत्येक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई जानी चाहिए। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं तथा अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सिविल सर्जन महोदय, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि जिले के सभी निर्धारित पोलियो बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है।इसके उपरांत घर-घर जाकर भी छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवन रक्षक खुराक से वंचित न रहे।

स्वस्थ एवं पोलियो मुक्त समाज के निर्माण हेतु सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने आसपास के प्रत्येक 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे को पोलियो की दो बूंद दवा अवश्य पिलवाएं।

## अकोढ़ीगोला में पंचायत विकास दिवस पर विकास का संकल्प, बघाखोह पंचायत से हुआ शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज

**पारस नाथ दुबे**



**अकोढ़ीगोला।** प्रखंड अकोढ़ीगोला के बघाखोह ग्राम पंचायत में रविवार को पंचायत विकास दिवस का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विकास योजनाओं की समीक्षा, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर चर्चा तथा पंचायतों के समग्र विकास का संकल्प लिया गया।

बघाखोह पंचायत में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन डेहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की सबसे मजबूत इकाई हैं और ग्रामीण विकास की गति को तेज करने के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है। कार्यक्रम में एसडीसी एवं अतिरिक्त प्रभार जिला खेल पदाधिकारी रोहतास विनय प्रताप, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने मद्य निषेध की शपथ ली तथा नशामुक्त समाज के निर्माण, सामाजिक जागरूकता और पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय भागीदारी का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर पर संचालित विकास योजनाओं, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पंचायत विकास दिवस के आयोजन को ग्रामीण विकास और जनसहभागिता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

## सरैया गांव में बाल संरक्षण पर पैरवी की बैठक, महिलाओं की दिखी जबरदस्त भागीदारी

लोकतंत्र की आवाज



**तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड के सरैया गांव में पैरवी के बैनर तले सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बच्चों के अधिकार और बाल संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाओं, किशोरियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि जन चिकित्सक डॉ. निर्मल कुमार सिंह ने कहा कि पैरवी पिछले दो वर्षों से जेल में बंद जरूरतमंदों और विधि के जोखिम में फंसे बच्चों को निःशुल्क जमानत दिला रही है। विशिष्ट अतिथि डीएसपी गुलाम सरवर ने कहा कि बच्चों को हिंसा और शोषण से बचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुखिया संजय चौधरी ने बाल संरक्षण समिति को सक्रिय बनाने और हर बच्चे का स्कूल जाना सुनिश्चित करने का आह्वान किया। मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने परवरिश और स्पॉन्सरशिप योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन उपमुखिया अमित गुप्ता ने किया। एलआईसी के विकास अधिकारी विनोद कुमार ने युवाओं को रोजगारपरक बनने, जबकि परिवर्तन विकास संस्था की ऊषा सिंह ने महिला नेतृत्व बढ़ाने पर जोर दिया। अंत में पैरवी की ओर से सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## बिहार सरकार की नई पहल: संझौली प्रखंड की सभी छह पंचायतों में ग्राम पंचायत विकास दिवस का शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज



**संझौली।** बिहार सरकार की नई पहल के तहत रविवार को संझौली प्रखंड की सभी छह ग्राम पंचायतों में पहली बार ग्राम पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उदयपुर, मझौली, संझौली, करमैनी, चांदी इंग्लिश एवं अमेठी पंचायत भवनों में बैठक आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं तथा पंचायत के समग्र विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में पंचायत स्तर पर संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही पेयजल, सड़क, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया गया। ग्रामीणों से सुझाव भी लिए गए और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रभा कुमारी ने बताया कि बिहार सरकार की नई पहल के तहत अब प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सभी पंचायतों में ग्राम पंचायत विकास दिवस मनाया जाएगा।

इसका उद्देश्य पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की नियमित समीक्षा करना, आम लोगों की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी ढंग से लागू करना है। उन्होंने कहा कि इस पहल से ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ेगी और पंचायतों के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। ग्राम पंचायत विकास दिवस के आयोजन में जनप्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों, विकास मित्रों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, जीविका दीदियों, आशा कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को पंचायत स्तर पर जनसहभागिता बढ़ाने और ग्रामीण विकास को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## खेती किसानी में विलुप्त होती जा रही बैल और किसानों की परंपरा

लोकतंत्र की आवाज

**आशुतोष कुमार**

**नासरीगंज।** मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरे मोती मेरे देश की धरती...। यह गीत आपने जितनी बार भी सुना होगा आप के मन मस्तिष्क में एक ही छाया उभर कर आती है वह होती है खेत में हल और बैलों के साथ काम करते हुए किसान। जो अपने अथक परिश्रम और लगन से मिट्टी से अनाज उगा कर पूरे देश का पेट भरते हैं।

**टेक्नोलॉजी से आया बदलाव:** टेक्नोलाजी ने खेती किसानी को काफी बदल दिया है। ट्रैक्टर से अब चंद घंटे में कई एकड़ जमीन की जुताई करना हो या मशीनों के माध्यम से कटाई मड़ाई आदि की प्रक्रिया पूरी करनी हो यह सब कुछ बहुत तेजी के साथ हो जाता है। मशीनों ने किसानों को एडवांस बना दिया है। वह खेती में टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर समय बचाते हैं। अब तो मशीनों के कई एडवांस वर्जन भी आने लगे हैं। अकेले जुताई के लिए ही चार से अधिक यंत्र किसानों के पास पहुंच चुके हैं। जिसमें कल्टीवेटर, रोटावेटर, हैरो जैसे हल मिट्टी की जुताई में काम आते हैं।

**अभी भी हो रही पारंपरिक खेती:** आज भी कई गांवों में किसान पारंपरिक तरीके से ही दो बैलों की जोड़ी और हल के साथ खेतों की जुताई करते हैं। अन्नदाता की यह परंपरा शायद अपने अंतिम दौर में है। पारंपरिक खेती का यह स्वरूप अब विलुप्त होता जा रहा है। नई पीढ़ी के किसान अब बैल और हल के माध्यम से काम नहीं करते क्योंकि इसमें बहुत ही अधिक समय लगता है। हालांकि मिट्टी की गुणवत्ता को बनाने में जितना अधिक इसका योगदान होता है वह किसी अन्य प्रकार के हल में मौजूद नहीं है, लेकिन समय की बचत के कारण अब तकनीकी रूप से सक्षम ट्रैक्टर आधारित हल का ही प्रयोग किया जा रहा है।



**कैसे हो रही है अभी भी पारंपरिक खेती:** 70 के दशक अथवा इसके पहले के जो भी किसान इस वक्त खेती कर रहे हैं। उनमें छोटी जोत का इस्तेमाल करने वाले किसान हल और बैल के माध्यम से ही अभी भी पारंपरिक खेती करते हैं। इसमें लकड़ी का बना एक जुआ होता है, जिसमें दो बड़े खाने बने होते हैं। इन दोनों बड़े खानों को बैलों की डील पर पहना दिया जाता है। जिससे दोनों बैल एक समानांतर दूरी पर खड़े हो जाते हैं। इसके बाद लकड़ी अथवा लोहे की लगभग 5 मीटर लंबी छड़ से लोहे का एक हल जुड़ा होता है। जिसका नुकीला भाग जो जमीन को फाड़ कर उसे पलटता है। वह नीचे की ओर होता है। जबकि उसको संभालने के लिए और उसको दिशा देने के लिए ऊपर एक मुठिया बनी होती है, जिसे किसान अपने हाथ में पकड़ता है। बाई ओर चलने वाले बैल से एक रस्सी बंधी होती है जिसे नाथ बोलते हैं और यह भी किसान अपने एक हाथ में पकड़ कर रखता है, जिससे बैल को किसी भी दिशा में घुमाने के दौरान मदद मिलती है। सामान्यता बैलों को बाएं और ही घुमाया जाता है इसलिए बाएं ओर मौजूद बैल की नाथ से ही डोरी जुड़ी होती है। खेतों में हल के माध्यम से जो जुताई होती है उसे हराई बोलते हैं यानी एक लाइन में जो जुताई हो रही है वह पूरा सिस्टमैटिक रूप से आगे बढ़ता है। हर एक लाइन के बाद दूसरी लाइन में जुताई होती है और धीरे-धीरे इसी तरह पूरा खेत जोता जाता है।

**कैसे होती है धान की रोपाई:** सबसे पहले खेत की जुताई कर उसमें पानी भरा जाता है। इसके बाद फिर से पानी में ही कई बार और जुताई होती है, जिससे मिट्टी एकदम चिकनी और मुलायम हो जाती है। फिर इस में धान की नर्सरी डाली जाती है। इस नर्सरी के 22 दिन हो जाने के बाद जब इसकी खेतों में रोपाई का समय आता है तो खेत रोपाई के लिए तैयार करने का क्रम शुरू होता है। खेत को भी पहले सुखी अवस्था में जोता जाता है। मिट्टी बेहतर मुलायम और भुरभुरी हो जाने के बाद इसमें पानी भरा जाता है और पुनः इसकी जुताई की जाती है। फिर हेंगाई होती है। हेंगाई का मतलब होता है लकड़ी के एक बड़े और मोटे पल्ले के सहारे खेत को पूरी तरीके से बराबर करना यानी किसी थाली की तरीके खेत को इस तरह से बराबर कर देना कि कहीं भी पानी का ठहराव ना अधिक हो और ना ही कम हो। पूरे खेत में एक जैसी पानी की सुविधा हो। फिर तैयार नर्सरी खेत में रोपी जाती है। इसमें से ही धान की बालियां निकलती हैं। यही सोना बनकर किसान और पूरे देश में खुशियां ले आती हैं और पूरे देश का पेट भरती है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बोकारो के मजदूर की सऊदी में सड़क हादसे में मौत, परिवार ने सरकार से लगाई शव वापस लाने की गुहार



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)। प्रवासी मजदूरो के मौत का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। बोकारो जिले के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के कतवारी निवासी स्वर्गीय सुखदेव महतो के 41 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र महतो की सड़क हादसे में सऊदी में 25 जून 2026 की रात को मौत हो गयी ।मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। वहीं गांव वाले भी मौत की सूचना पाकर शोक में डूब गए। सत्येंद्र महतो 26 नवंबर 2024 को घर से सऊदी अरब के लिए निकाला था ।हमद सालेह अल-काफ कॉन्ट्रैक्टिंग एस्टैब्लिशमेंट कंपनी में ट्रक ड्राइवर के रूप में कार्य था। वह अपने पीछे पुत्री प्रीति कुमारी(21),पुत्र अरविंद कुमार और पुत्र मंगेश कुमार(13)को छोड़ गया। इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली घर पहुंचकर संवेदना प्रकट करते हुए परिवार का हिम्मत बंधायी और उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है। रोजी- रोटी की तलाश में परदेस गये प्रवासी झारखंडी मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है। हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके के प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत और फंसने की खबरें आ रही है ।प्रवासी मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद बोकारो, हजारीबाग और गिरिडीह जिले से है ।ऐसे में सरकार को रोजगार की ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि मजदूरों का पलायन रोका जा सके।

### मंईयां सम्मान योजना के लाभुक इस नंबर से रहें सतर्क, साइबर हैकर्स की है नजर, प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

लोकतंत्र की आवाज
बोकारो । बोकारो के पिंड्राजोरा क्षेत्र में इन दिनों राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मंईयां सम्मान योजना' के नाम पर बड़े पैमाने पर साइबर ठगी का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है. शातिर ठगों द्वारा योजना की लाभार्थी महिलाओं को फोन कर उनके आवेदन या सत्यापन (Verification) में गड़बड़ी होने का झूठा झांसा दिया जा रहा है. ठग बेहद शातिराना अंदाज में स्थानीय प्रखंड कार्यालय (Block Office) के अधिकारियों का नाम लेकर ग्रामीण महिलाओं को भ्रमित कर रहे हैं और उनके आधार कार्ड की गोपनीय जानकारी सहित पैसों की मांग कर रहे हैं. इस नए पैंतरे से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और कई परिवार इस जालसाजी का शिकार होने से बचे हैं.
'सत्यापन' के नाम पर मांगा जा रहा है पैसा: मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को क्षेत्र की कई महिलाओं के पास 7024887455 नंबर से संदिग्ध कॉल आया. कॉल करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने खुद को मंईयां सम्मान योजना से जुड़े संबंधित सरकारी विभाग का अधिकारी बताते हुए महिलाओं से कहा कि आपके खाते और योजना के सत्यापन में बड़ी समस्या आ गई है. ठग ने डराते हुए कहा कि यदि इसका तुरंत समाधान नहीं किया गया, तो योजना की अगली किस्त रोक दी जाएगी. इस गड़बड़ी को ठीक करने के एवज में महिलाओं से उनके आधार कार्ड की पूरी डिटेल मांगी गई और साथ ही मोबाइल फोन के माध्यम से तुरंत कुछ रुपये भेजने का दबाव भी बनाया गया.
चास बीडीओ बोले- 'पूरी तरह फर्जी हैं ऐसे फोन कॉल': इस संवेदनशील मामले की जानकारी मिलते ही चास के बीडीओ प्रदीप कुमार ने त्वरित संज्ञान लिया है. उन्होंने आधिकारिक बयान जारी करते हुए इसे पूरी तरह फर्जी कॉल और साइबर ठगी का सुनियोजित प्रयास बताया है. बीडीओ ने स्पष्ट किया कि मंईयां सम्मान योजना के सत्यापन, सुधार या किसी भी अन्य प्रशासनिक प्रक्रिया के लिए प्रखंड कार्यालय अथवा सरकार की किसी भी एजेंसी की ओर से कभी भी फोन नहीं किया जाता है. न ही किसी लाभार्थी से आधार कार्ड जैसी गोपनीय जानकारी या रुपयों की मांग की जाती है. बीडीओ प्रदीप कुमार ने क्षेत्र के सभी लाभुकों, महिलाओं एवं आम नागरिकों से पुरजोर अपील करते हुए कहा है कि यदि कोई भी व्यक्ति चास प्रखंड कार्यालय या किसी अन्य सरकारी विभाग का नाम लेकर आपके दस्तावेज, बैंक खाता संबंधी जानकारी, आधार कार्ड, ओटीपी (OTP) या पैसों की मांग करता है, तो उस पर कतई भरोसा न करें.

# मांडू के विस्थापित आदिवासी गांवों के प्रतिनिधियों ने हजारीबाग सांसद से मिलकर रखी अपनी मांग

लोकतंत्र की आवाज





**ब्यूरोचीफ हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल के स्थानीय हजारीबाग शहर के विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित सांसद सेवा कार्यालय सभागार में मांडू विधानसभा क्षेत्र के करीब दर्जनभर विस्थापित आदिवासी गाँवों के प्रतिनिधियों का एक अहम जुटान हुआ। घाटो मंडल के सांसद प्रतिनिधि सह रामगढ़ जिला एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर करमाली के नेतृत्व में पहुँचे आदिवासी समाज के दर्जनभर गांवों के सैकड़ों प्रतिनिधियों ने सांसद मनीष जायसवाल का पुष्पगुच्छ भेंटकर, अंग-वस्त्र ओढ़ाकर और फूल माला पहनाकर अपनी-अपनी बस्तियों की ओर से गर्मजोशी से स्वागत और सम्मान किया। इस बैठक में मुख्य रूप से मांडू विधानसभा क्षेत्र के घाटो मंडल के अंतर्गत आने वाली चिराटुंगरी, भैलगाड़ा, लालटुंगरी, मकुंदाबेड़ा, उलाहारा, तापिन, तापिन बस्ती और मांडू मंडल की जोड़ाकरम बस्ती से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए ।

सीधे संवाद के दौरान क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोगों ने अपने-अपने इलाके की जरूरी समस्याओं को सांसद मनीष जायसवाल के समक्ष प्रमुखता से रखा। ग्रामीणों ने विस्थापित आदिवासी परिवारों के पुनर्वास और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के साथ-साथ प्रत्येक बस्ती में सरना स्थलों के विकास, सौंदरीकरण और संरक्षण की माँग की। इसके अलावा गाँवों में समुचित सड़क, पेयजल, बिजली, नाली और सामुदायिक भवनों के निर्माण, स्थानीय युवाओं को उद्योगों एवं सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर स्थाई रोजगार उपलब्ध कराने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर गंभीर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने अपनी संस्कृति, परंपरा और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित समीक्षा बैठक और समयबद्ध कार्ययोजना बनाने का भी आग्रह किया।

आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद सांसद ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी हर जायज समस्या का निश्चित रूप से समाधान किया जाएगा।

उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि जल्द ही वे खुद टाटा और सीसीएल प्रबंधन का सीधे प्रभावित ग्रामीणों के बीच वार्ता कराएंगे, ताकि विस्थापन और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक एवं ठोस प्रयास किए जा सकें। इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान झारखंड राज्य की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आदिवासियों के उत्थान के लिए लगातार योजनाएं चला रही है, जबकि खुद को आदिवासी हितैषी बताने वाली झारखंड की झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार ने यहां के आदिवासियों को केवल धोखा दिया है, जिसका जवाब आने वाले समय में जनता एकजुट होकर देगी ।

इस बैठक के उपरांत सांसद मनीष जायसवाल के साथ सभी जनों ने सांसद सेवा केंद्र में ही पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात का सामूहिक रूप से श्रवण भी किया ।

मौके पर विशेषरूप से सांसद मनीष जायसवाल के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ़ खोखा सिंह, घाटो मंडल सांसद प्रतिनिधि शंकर करमाली, भाजपा नेता अर्जुन साव, जुगनू सिंह, जिला योजना सांसद प्रतिनिधि अनूप कुमार, नगर सांसद प्रतिनिधि लब्बू गुप्ता, सांसद कार्यालय प्रभारी विजय वर्मा, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित मांडू विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पंहुचे बसुदेव किस्कू, संजय किस्कू, गाँधी किस्कू, सानू किस्कू, छोटेलाल मांझी, दीपक टुडू, सोनू मुंडा, विजेंदर करमाली, तालो सोरेन, राजा सोरेन, शिकारी मांझी, करमचन्द मुर्मू, आराज मुर्मू, रमेश मरांडी, पतिलाल हेंब्रम, बिनोद मांझी, महादेव सोरेन, धनीराम मांझी, लालजी टुडू, बिनय मरांडी, शनि मरांडी, कृष्णा हेंब्रम, रविलाल हेंब्रम, सुनील हेंब्रम, दिनु मांझी, करण बेसरा, संजय मांझी, उपेन्द्र कुमार, सुभाष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहें ।

# हंटरगंज : डीजे वाहन पलटने से एक युवक की मौत, दूसरे का हाथ काटना पड़ा



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत अंतर्गत करानी मोड़ स्थित शिव मंदिर के समीप रविवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में डीजे लदा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक का हाथ गंभीर रूप से कुचल गया। चिकित्सकों को उसकी जान बचाने के लिए हाथ काटना पड़ा।

मृतक की पहचान अभिषेक कुमार (20 वर्ष), पिता प्रमोद राम, निवासी घोड़दौड़, थाना प्रतापपुर के रूप में हुई है। वहीं घायल हेमंत कुमार (21 वर्ष), निवासी सोनपुरबीघा, थाना हंटरगंज का बताया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डीजे वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे वाहन पर सवार दोनों युवक उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद हंस हॉस्पिटल के संचालक राहुल कुमार ,दुर्गा पासवान,दिलीप पासवान,पंकज राम एवं स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों को बाहर निकालकर इलाज के लिए हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने अभिषेक कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि हेमंत कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसका बुरी तरह क्षतिग्रस्त हाथ काटना पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही पाण्डेयपुरा पुलिस पिकेट प्रभारी सुनील दुबे अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है, जबकि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

## हजारीबाग के बरकट्ठा में बड़ी कार्रवाई, 935 कार्टन अवैध अंग्रेजी शराब के साथ ट्रक चालक गिरफ्तार



**लोकतंत्र की आवाज**
**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग पुलिस ने बरकट्ठा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 935 कार्टन अंग्रेजी शराब से लदे एक ट्रक को जब्त किया है ।इस दौरान ट्रक चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार,26 जून को मद्यनिषेध एवं राज्य उत्पाद नियंत्रण ब्यूरो,पटना से गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम झुरझुरी स्थित झारखंड होटल के पास UK18CA-6133 नंबर का 12 चक्का ट्रक संदिग्ध अवस्था में खड़ा है,जिसमें भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लोड है ।सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आर पी किशोर एवं बरकट्ठा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की ।छापेमारी के दौरान ट्रक से चालक दलजीत सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# धनबाद में धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सुना 'मन की बात', निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का किया शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज़



**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने रविवार को मनईटांड़ मंडल अंतर्गत बूथ संख्या-329 स्थित दुहाटांड़ हनुमान मंदिर परिसर में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण को सुना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक राज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती रक्षा क्षमता का उल्लेख करते हुए आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक, आईएनएस अग्रय तथा स्वदेश निर्मित C-295 विमान का जिक्र किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 'वोकल फॉर लोकल', प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी एवं युवाओं की भूमिका पर भी महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

'मन की बात' कार्यक्रम के श्रवण के बाद विधायक राज सिन्हा ने मंडल अध्यक्ष इंद्रभूषण कुशवाहा एवं उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता के सहयोग से आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं भी अपनी आंखों की जांच कराई और लोगों से समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। विधायक ने कहा कि "स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है।

इस अवसर पर भाजपा के महामंत्री रुपेश सिन्हा, रिंकू सिंह, दीपक झा, सतीश रजक, दिवेश सिंह, विकास गुप्ता, सपन कश्यप, अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य समाज के जिला प्रमुख अखिलेश गुप्ता, धीरज शर्मा, रंजीत सिंह, सनोज कुशवाहा, सुनीता साव, निशांत पंडित, पवन साव, अनमोला भारती, सुरेंद्र सिंह, गणेश महतो सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विधायक राज सिन्हा ने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए जनसेवा के ऐसे प्रयासों को आगे भी जारी रखने की बात कही।

# गिरिडीहः अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद स्थापना पखवाड़ा के अवसर पर बड़ा चौक में शरबत वितरण किया गया

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ गिरिडीह झारखंड (2026.06.29)।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की स्थापना पखवाड़ा के अवसर पर गिरिडीह बड़ा चौक पर कबीर ज्ञान मंदिर से निकली नगर भ्रमण यात्रा में शरबत वितरण किया गया प्रभात फेरी में श्रद्धालुओ एवं शहर के आम जनमानस को शरबत एवं शीतल जल पिलाया गया, एवं पिछले दिनों स्थापना दिवस के अवसर पर मठ मंदिर साफ सफाई की गई, शहर के कई स्थानों पर पर्यावरण संरक्षण के तहत वृक्षारोपण किया गया, कई स्थानों पर नए हनुमान चालीसा केंद्र शुरू किए गए एवं संगठन की उपलब्धि संगठन के कार्य के बारे में भी सभी को अवगत कराया गया।

मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के मंत्री श्री रविशंकर पांडे जी धनबाद विभाग के अध्यक्ष श्री रितेश पांडे जी अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद जिला मंत्री कुंदन केसरी जिला मंत्री पंकज कंधवे ,राष्ट्रीय बजरंग दल जिला मंत्री शुभम झा ,हिंदू हेल्प लाइन अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता मंत्री बसंत सिंह ,राष्ट्रीय महिला परिषद् जिला अध्यक्ष पूनम सिन्हा जिला महामंत्री शिवानी शर्मा ,ओजस्विनी जिला उपाध्यक्ष काजल सिन्हा अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता ओजस्विनी नगर अध्यक्ष अंकिता केशरी, नगर उपाध्यक्ष पलक सिन्हा एवं राष्ट्रीय बजरंग दल नगर से सचिन यादव, निकेश बरनवाल, बबली चौधरी, ओजस्विनी नगर से खुशी चन्द्रवशी, खुशी राज, आरुषि मेहरा, मुन्नी देवी आदि सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धनबाद झरिया में मातृ सदन अस्पताल के बाहर अतिक्रमण को लेकर विवाद, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से की शिकायत

लोकतंत्र की आवाज़



**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, प्पु गुप्ता।** झरिया के धर्मशाला रोड स्थित मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट द्वारा संचालित मातृ सदन अस्पताल के बाहर कथित अतिक्रमण को लेकर शनिवार को विवाद खड़ा हो गया। स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ झरिया थाना, अंचलाधिकारी और स्थानीय विधायक को सामूहिक हस्ताक्षरयुक्त शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने पहले सरकारी नाले की घेराबंदी की, जिससे बरसात के दिनों में जल निकासी बाधित हो जाती है और धर्मशाला रोड पर जलजमाव की स्थिति बन जाती है। उनका कहना है कि गंदा पानी आसपास के घरों में घुस जाता है। इसके अलावा मुख्य सड़क पर पाइप लगाकर किए गए अतिक्रमण से आए दिन जाम की समस्या भी उत्पन्न हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार शनिवार को अस्पताल परिसर से सड़क तक दीवार निर्माण का कार्य शुरू किया गया, जिसका विरोध करने पर मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। विरोध के बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया। लोगों का आरोप है कि मुख्य नाला और सड़क की जमीन पर अवैध कब्जा कर बाइक स्टैंड बनाया गया है, जिससे नाले की नियमित सफाई नहीं हो पाती और बरसात में जलभराव की समस्या बढ़ जाती है।

शिकायत मिलने के बाद सीआई राम रतन पांडेय मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। उन्होंने कहा कि सरकारी सड़क और नाले पर अतिक्रमण करना कानूनन अपराध है। जांच के बाद यदि अतिक्रमण पाया जाता है तो उसे हर हाल में हटाया जाएगा।

वहीं, मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील सांवरिया ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की संपत्ति पर कुछ लोग पहले से अवैध रूप से कब्जा कर उसका उपयोग कर रहे थे। इसे रोके जाने के बाद ट्रस्ट के खिलाफ साजिश के तहत आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई नई घेराबंदी नहीं की जा रही थी, बल्कि अस्पताल के मुख्य द्वार के पास एक गरीब चाय विक्रेता की सुविधा के लिए ईंट बिछाई जा रही थी। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क पर लगा पाइप भी हटाया जाएगा।

फिलहाल मामले को लेकर दोनों पक्ष अपने-अपने दावों पर कायम हैं। अब प्रशासनिक जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि अतिक्रमण के आरोप कितने सही हैं।

# हजारीबाग : झापाटांड में ठनका कहर, आंधी बारिश से तीन मवेशियों की मौत

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चानो पंचायत के टोला झापाटांड में अहले सुबह में तेज आंधी और बारिश के दौरान हुए वज्रपात ने पशुपालकों को बड़ा नुकसान पहुंचाया। जानकारी के अनुसार रीतलाल महतो का एक बैल और खुशीलाल महतो का एक बैल और एक दुधारू गाय अहले सुबह खलिहान में आहार खाने के दौरान तेज आंधी और बारिश के बीच अचानक वज्रपात हुआ ,आकाशीय बिजली का प्रभाव इतना तेज था कि घटनास्थल पर सभी मवेशी उसकी चपेट में आ गए,जिससे घटने स्थल पर तीनों मवेशियों की मौत हो गई ।

इस खेती के मौसम में घटना के बाद प्रभावित परिवारों में मातम पसर गया । घटना की जानकारी मिलते ही JLKM प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो घटना स्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया और इसकी सूचना विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी को देकर प्रभावित पशुपालकों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की माँग की । अंचलाधिकारी महोदय ने पशुपालकों को आश्वस्त किए कि कागजी प्रक्रिया के उपरांत पशुपालकों को उचित सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। JLKM प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने कहा कि मौसम विभाग की चेतावनी के बीच सतर्क रहें। लगातार बदलते मौसम और वज्रपात की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन और मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदानों और बहियारों में जाने से बचने की अपील की है. पशुपालकों को भी आंधी और बारिश के दौरान मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखने की सलाह दी गई है।

# जुआ जोगता थाना क्षेत्र में सौहार्द, अनुशासन और भाईचारे के साथ मोहर्रम संपन्न

लोकतंत्र की आवाज़




**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता ।** जोगता थाना क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व इस वर्ष भी पूरी श्रद्धा, अनुशासन, भाईचारे और आपसी सौहार्द के वातावरण में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। क्षेत्र के विभिन्न लाइसेंसधारी अखाड़ों एवं ताजिया कमेटियों ने परंपरागत तरीके से अखाड़ा प्रदर्शन और ताजिया जुलूस निकालकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया।

जोगता थाना अंतर्गत जोगता मोड़, ताड़तल्ला, मोडीडीह 7 नंबर, हुसैना मोहल्ला 22/12, भदरीचक, दाउद नगर 22/12, फतेहपुर, भदरीचक तथा हुसैनी अखाड़ा कशीयाटांड़ सहित कुल नौ लाइसेंसधारी अखाड़ों ने अपने-अपने क्षेत्र से आकर्षक ताजिया एवं अखाड़ा जुलूस निकाला। सभी अखाड़ों के युवाओं ने पारंपरिक खेल-कौशल, अनुशासन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी लोगों ने सराहना की। पूरे आयोजन के दौरान जोगता थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर बनाए रखी। वहीं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों ने भी विभिन्न स्थलों पर मौजूद रहकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**थाना प्रभारी ने भी बढ़ाया युवाओं का उत्साहः** मोहर्रम आयोजन का एक विशेष आकर्षण जोगता थाना मैदान में देखने को मिला, जहां सभी लाइसेंसधारी अखाड़ों के प्रदर्शन के दौरान थाना प्रभारी पवन कुमार ने भी प्रदर्शनकारियों के साथ पारंपरिक लाठी खेल में भाग लेकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। उनके इस सहभागिता भाव का उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ स्वागत किया। इससे पुलिस-प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय तथा आपसी विश्वास का संदेश गया। थाना प्रभारी ने युवाओं को अनुशासन, खेल भावना और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा भी दी। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों में .राजकुमार महतो, सबियल खेत, अनवर हुसैन, रणधीर कुमार, विनोद नारायण सिंह तथा अरुण कुमार प्रमाणिक सहित अन्य पुलिसकर्मी अपने-अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते दिखाई दिए।

वहीं दंडाधिकारी के रूप में परमेश्वर हेम्ब्रम, सुनील कुमार विश्वकर्मा, कार्तिक उरांव, सुधीर कुमार मांझी, सुप्रभात कुमार, सोना मिंज, दुर्गा प्रसाद, गणेश लाल गुप्ता, सुबोध कुमार पांडेय, जनार्दन प्रसाद सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, अनिल मंडल, चंद्र मंडल, पप्पू कुमार दास, नवल किशोर प्रसाद, लक्ष्मण टूटी एवं सिद्धार्थ शंकर सहित अन्य पदाधिकारी लगातार निगरानी करते रहे। मोहर्रम को सफल और शांतिपूर्ण बनाने में शांति समिति के शकील अहमद, भोला राम, वार्ड 6 के पार्षद प्रतिनिधि सुमित कुमार महतो, अनुज कुमार सिन्हा उर्फ पल्टू, मजहर अंसारी, निर्मल, बिंदवा देवी एवं सुरेंद्र नोनिया की भूमिका भी सराहनीय रही। शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन और आमजन के बीच समन्वय स्थापित कर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जोगता थाना मैदान में सभी लाइसेंसधारी अखाड़ों ने एकत्र होकर अपने-अपने अखाड़े का प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ कलाकारों और युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

ताजिया जुलूस के दौरान श्रद्धालु "या अली", "अल्लाहु अकबर" तथा रसूल-ए-पाक की शान में नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। धार्मिक जोश और आस्था से गूंजते नारों के बीच पूरा जोगता क्षेत्र मोहर्रम की रूहानी फिजा में रंगा नजर आया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि पर्व के दौरान कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और पूरा आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

अंत में जोगता थाना प्रभारी पवन कुमार ने सभी अखाड़ा कमेटियों, शांति समिति के सदस्यों, दंडाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों को शांतिपूर्ण मोहर्रम आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि "आपसी भाईचारा, सहयोग और सामाजिक एकता ही क्षेत्र की सबसे बड़ी ताकत है। इसी एकता और सौहार्द को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।"

## संक्षिप्त खबरें ।

### भरत तिवारी को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर उतरे युवा और अभिभावक, परिवर्तन चेतना मंच ने भी दिया समर्थन



**रामगढ़** । भरत तिवारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर स्थानीय युवाओं और अभिभावकों का आक्रोश फूट पड़ा। रविवार की शाम रामगढ़ बाजार में न्याय की मांग को लेकर एक विशाल विरोध प्रदर्शन और मार्च निकाला गया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं के साथ-साथ प्रबुद्ध अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया और अपनी आवाज बुलंद की। हाथों में बैनर और तख्तियां लिए युवाओं ने रामगढ़ बाजार में शांतिपूर्ण लेकिन बेहद मुखर मार्च निकाला। प्रदर्शनकारी लगातार भरत तिवारी को अविलंब न्याय देने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। अभिभावकों का कहना था कि समाज में सुरक्षित माहौल और न्याय व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस मामले में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई बेहद जरूरी है। इस विरोध प्रदर्शन को सामाजिक संगठन 'परिवर्तन चेतना मंच' का भी मजबूत साथ मिला। मंच की टीम विशेष रूप से इस आंदोलन में शामिल हुई और युवाओं की मांग को जायज ठहराया। परिवर्तन चेतना मंच के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे न्याय की इस लड़ाई में पीड़ित परिवारके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। प्रदर्शन के समापन पर युवाओं और अभिभावकों ने एकजुट होकर कहा कि जो दोषी हो उनपर कार्रवाई हो।

### भभुआ रविदास आश्रम में बैठक, बहन जी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प

**भभुआ कैमूर**–बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में शनिवार 28 जून 2026 को कैमूर जिला स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक भभुआ के रविदास आश्रम में जिलाध्यक्ष अयोध्या कुमार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में बूथ कमेटी गठन की समीक्षा और मासिक बैठक में उपस्थिति एवं सदस्यता पर विशेष चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष अयोध्या कुमार ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव–गांव में जाकर संगठन को मजबूत कर बहन कुमारी मायावती जी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया है। हर बूथ, हर गाँव, गली, चौक–चौराहा पर पार्टी के मिशन और मूवमेंट को बताना अनिवार्य है। बैठक में जानकारी दी गई कि दिनांक 29/06/2026 को बिहार के मुख्य प्रभारी एवं सांसद राजा राम का आगमन भभुआ के सर्किट हाउस में होगा। जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों से उनके सम्मान में उपस्थित होकर दिशा–निर्देश का पालन करते हुए संगठन को मजबूत करने में भाग लेने को कहा। बैठक में प्रदेश महासचिव अरुण कुमार, प्रदेश महासचिव करीम अंसारी, प्रदेश सचिव राम एकबाल राम ,जिला प्रभारी भागीरथी पाल, महासचिव रामा राम, जिला महासचिव अरविंद दुदुल, विधान सभा अध्यक्ष सुनील कुमार, शिवानंद कुमार, नथुनी–शोभा राम, तारकेश्वर राम, रामप्रवेश राम, रामधारी राम, रिसाल राम, बांसू पटेल, अवधेश यादव, बनारसी राम, महावीर राम, भानु कुमार रामराज, जोखू राम, अयोध्या कुमार, विभूषण एवं नथुनी रामराज सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दो ट्रकों की टक्कर में चालक की मौत खलासी घायल



**दुर्गावती**। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरिया मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर रविवार की शाम एक अनियंत्रित ट्रक ने सामने जा रही दूसरे ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्रक चालक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया वहीं एनएचएआई की टीम ने गंभीर रूप से घायल खलासी को स्थानीय सीएचसी ले गई। मृतक चालक रोहतास जिले के परसथूआ थाना क्षेत्र के करमछाता गांव निवासी रामदयाल साह का पुत्र रमेश साह उम्र 42 वर्ष बताया जा रहा है। घायल खलासी कुदरा थाना क्षेत्र के केवड़ी गांव निवासी मनक साह का पुत्र राकेश कुमार साह उम्र 36 वर्ष बताया जा रहा है।

# मोहनिया में पंचायत विकास दिवस पर बोले मंत्री, कहा- 'तेजस्वी यादव की कृपा से नहीं, जनता के आशीर्वाद से बने हैं सम्राट चौधरी'

लोकतंत्र की आवाज

## विपक्ष को सकारात्मक राजनीति करनी चाहिये



**मोहनिया :** बिहार सरकार के उच्च शिक्षा एवं विधि विभाग सह कैमूर जिले के प्रभारी मंत्री संजय कुमार सिंह (संजय टाइगर) ने मोहनिया प्रखंड के उसरी पंचायत में आयोजित 'पंचायत विकास दिवस' कार्यक्रम मे हुए शामिल, मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ, मंत्री जी ने कार्यक्रम के दौरान विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। विपक्ष द्वारा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के इस्तीफे की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष को सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए। सम्राट चौधरी किसी की कृपा से नहीं, बल्कि बिहार की जनता के आशीर्वाद से इस पद पर पहुंचे हैं। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जिन्हें जनता ने बार-बार नकारा है, आज उनकी खुद की विपक्ष के नेता की कुर्सी खतरे में है।

**पंचायती राज और ग्रामीण समृद्धि की परिकल्पना:** मंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि पंचायती राज की परिकल्पना स्थानीय स्तर पर विकास योजनाओं के चयन और उनकी सही निगरानी के लिए की गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दिल्ली या पटना में बैठकर गांवों की अलग-अलग समस्याओं को नहीं समझा जा सकता। जब तक हर पंचायत समृद्ध नहीं होगी, तब तक जिला और राज्य समृद्ध नहीं हो सकते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2027 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को पूरा करने के लिए गांवों का सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से मजबूत होना बेहद जरूरी है।

**पेपर लीक पर बयान:** पेपर लीक के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह गलत है, लेकिन सरकार ने दोबारा पूरी सफलता के साथ परीक्षा आयोजित कराई है। इस मामले की गहन जांच चल रही है।

**भरत तिवारी एनकाउंटर पर बोले:**
दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस के नेतृत्व में न्यायिक जांच शुरू हो चुकी है। जांच का निष्कर्ष आने के बाद सरकार नियमानुसार सख्त कार्रवाई करेगी।

इस कार्यक्रम में मोहनिया विधायक संगीता कुमारी, भभुआ विधायक भरत बिन्द, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय, उसरी पंचायत के मुखिया कैमूर जिलाधिकारी, एसपी, मोहनिया एसडीएम, एसडीपीओ सहित भारी संख्या में पुलिस बल और लोग रहे।

# अनुशासन प्रिय आज्ञाकारी छात्रा के एसडीएम बनने पर शिक्षिका ने किया सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज

**नुआव :** शिक्षा जगत और समाज के लिए बेहद सकारात्मक और प्रेरणादायक के तौर पर उभर कर सामने आई है। एक शिक्षिका द्वारा अपनी होनहार छात्रा की सफलता पर उसके घर जाकर सम्मानित करना, हमारी पारंपरिक गुरु-शिष्या परंपरा का एक बहुत ही खूबसूरत उदाहरण है।

**बड़ी उपलब्धि:** कैमूर जिले के नुआंव पंचायत स्थित गर्रा गांव की रहने वाली चंद्रकांता ने बीपीएससी परीक्षा क्रैक करके बीडीओ से एसडीएम बनने का गौरव हासिल किया है।

**शिक्षिका ने किया सम्मान:** राजकीय कृत मध्य विद्यालय नुआंव की शिक्षिका दुर्गावती कुमारी ने अपनी शिष्या की इस सफलता पर शिष्या के पैतृक आवास पर जाकर उन्हें पुष्पगुच्छ (बुके) भेंट कर आशीर्वाद दिया।

**भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं:**
शिक्षिका ने अपनी इस मेधावी और अनुशासन प्रिय शिष्या को उनके अगले लक्ष्य, यानी आईएएस अधिकारी बनने के सपने को साकार होने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

**चंद्रकांता ने जतायाआभार:**
एसडीएम चंद्रकांता ने भी जमीन से जुड़े रहकर अपनी सफलता का सबसे बड़ा श्रेय अपने गुरुजनों से मिले मार्गदर्शन, शिक्षा और सहयोग को दिया।

**मुख्य संदेश:** यह खबर स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और गुरुजनों के सही मार्गदर्शन से कोई भी बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। चंद्रकांता की यह सफलता निश्चित रूप से क्षेत्र के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा बनेगी।

## त्रिकोणीय संघर्ष में सौखरा पैक्स चुनाव

### 29 सदस्यों के बीच 11 सदस्य चुने जाने है

लोकतंत्र की आवाज

**चांद।** पैक्स चुनाव ताकत एवं धनबल का चुनाव माना जाता है सौखरा पैक्स चुनाव में मांस मदिरा एवं पैसे का बोलबाला देखा जा रहा है। 3 जुलाई को होने वाले मतदान के पुर्व मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए अध्यक्ष पद के उम्मीदवार पुरा ताकत लगा दिये है अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष रामाशंकर सिंह उर्फ मघोली सिंह शिव प्रताप सिंह एवं प्रमोद कुमार सिंह के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखा जा रहा है। तीनों उम्मीदवार अपने अपने जीत का दावा कर रहे हैं।पैक्स की मतदाता सूची में अनियमितता एवं प्रचार प्रसार में पैक्स अध्यक्ष का बेतहाशा पैसे खर्च करने के कारण पैक्स में बदलाव नहीं हो पा रहा है। भारतीय संविधान में लोकतंत्र की खुबसूरती बदलाव में है पैक्स चुनाव में बदलाव ठहर गया है। प्रखंड में पैक्स चुनाव में पुराने अध्यक्ष को जितना इसी का प्रमाण माना जा रहा है। सौखरा पैक्स चुनाव में मतदाताओं का अंतिम फैसला 3 जुलाई को मतदान एवं मतगणना के दिन समझ में आएगा।17 सौ से अधिक मतदाता अपने नये अध्यक्ष एवं सदस्य का चुनाव करेंगे।सौखरा पैक्स चुनाव में अध्यक्ष पद के तीनों उम्मीदवार चुनाव प्रचार प्रसार में पुरी ताकत झोंक दी है। चुनाव में धनबल बाहुबल का पुरा प्रयोग किया जा रहा है। उम्मीदवार के द्वारा बिहार सरकार के द्वारा प्रतिबंधित शराब जमकर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए मतदाताओं को परोसी जा रही है। पुलिस एवं निर्वाचन पदाधिकारी की चुप्पी हैरान करने वाली है। गांव में शराब पीने वालों को पकड़कर वाहवाही लूटने वाली चांद पुलिस सौखरा पैक्स चुनाव में जमकर शराब बांटने की खेल को पकड़ने में पुलिस की हाथ पैर फूल जा रही है।इस संबंध में निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ मो हदीद ख़ान ने कहा शिकायत मिलने पर सख्त कारवाई की जाएगी उन्होंने ने कहा शराब बांटने वालों को पुलिस गिरफ्तार करेगी।

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद कुदरा थानाध्यक्ष निलंबित

लोकतंत्र की आवाज




**कैमूर।** सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक विवादित वीडियो और फोटो का संज्ञान लेते हुए कैमूर पुलिस अधीक्षक ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक ने कुदरा थानाध्यक्ष नन्दु कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।
मामला कुदरा थाना क्षेत्र के एक यार्ड का है, जहां जब्त किए गए बालू लदे ट्रक से ट्रैक्टर के जरिए अवैध रूप से बालू का उठाव किया जा रहा था। इस घटना का वीडियो बना रहे पत्रकार का मोबाइल छीनकर वीडियो डिलीट करने का गंभीर आरोप भी थानाध्यक्ष पर लगा था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने अंचल पुलिस निरीक्षक (मोहनियाँ) और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (मोहनियाँ) को वीडियो की सत्यता की जांच करने का निर्देश दिया था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट में थानाध्यक्ष कुदरा नन्दु कुमार का कृत्य कानून के प्रतिकूल और उनका आचरण अत्यंत संदिग्ध पाया गया। इसके बाद एसपी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवन यापन भत्ता पर निलंबित कर उनका मुख्यालय पुलिस केन्द्र, भभुआ निर्धारित कर दिया है। कैमूर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वे आम जनता के साथ शालीन व्यवहार और कानूनसम्मत कार्रवाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# ताजिया जुलूस में पटाखा हादसे के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, स्टील का पाइप भी बरामद

लोकतंत्र की आवाज




**मोहनिया।** स्टूवरगंज बाजार में मोहर्रम के ताजिया जुलूस के दौरान पटाखा फोड़ने से दो लोगों के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहनिया वार्ड नंबर 7 निवासी कमरू कुरैशी के पुत्र अनमोल कुरैशी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे न्यायालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 26 जून की रात मोहर्रम के ताजिया जुलूस के दौरान स्टूवरगंज बाजार में पटाखा फोड़ने के क्रम में हुए हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद 27 जून को घायल के पिता मोहन सेठ ने मोहनिया थाना में अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी एवं साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मोहनिया थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने रविवार की दोपहर फोन पर बताया कि ताजिया जुलूस के दौरान पटाखा फोड़ने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना में पटाखा फोड़ने के लिए इस्तेमाल किया गया स्टील का पाइप भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# भभुआ जिला मुख्यालय में एक दिवसीय जन आंदोलन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

लोकतंत्र की आवाज




**भभुआ कैमूर**-जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शनिवार 28 जून 2026 को भभुआ प्रखंड कांग्रेस कमेटी के बैनर तले जिला मुख्यालय भभुआ में ₹शिक्षा बचाओ, भविष्य बचाओ, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, मंदिरों में चोरी पर रोक लगाओ, देश बचाओ₹ विषय पर एक दिवसीय जन आंदोलन किया गया।

**शिक्षा व्यवस्था आइसीयू में" - जिलाध्यक्ष राधे श्याम कुशवाहा**
कार्यक्रम की अध्यक्षता भभुआ प्रखंड अध्यक्ष हरीश कुमार तिवारी ने की, वहीं संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधे श्याम कुशवाहा उपस्थित रहे। मीडिया से बातचीत में जिलाध्यक्ष ने कहा कि ₹केंद्र सरकार जिसके मुखिया अपने आप को सरेंडर कर दिए हैं, ठीक उसी तरह देश की शिक्षा व्यवस्था को भी सरेंडर कर दिया है। आज देश की शिक्षा व्यवस्था आइसीयू में चली गई है।₹ उन्होंने मांग की कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें, पूरी परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार हो और तय परीक्षा एवं भर्ती कैलेंडर लागू किया जाए।

**वरिष्ठ नेता रहे मौजूद :** इस जन आंदोलन में जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता बिनोद पांडेय, संजय चौबे, गंगा धर उपाध्याय, सुचित पांडेय, महेंद्र राम, मृत्युंजय मिश्रा, राजीव रंजन पांडेय, दिलीप उपाध्याय, कमलेश आजाद, पप्पू आलम, मुखलेश पटेल, जिला प्रवक्ता सैयद नफीसुद्दीन, आलोक तिवारी, कृष्णमोहन पांडेय, शांति देवी, कुंती देवी, राधिका देवी, किरण देवी सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी, महंगाई और मंदिरों में हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की भी मांग की।

# प्रखंड के 12 ग्राम पंचायत में विकास शिविर सह ग्रामसभा का हुआ आयोजन, ग्राम सभा में महिलाओं की बढ़ी भागीदारी दिखाई पड़ी बदलाव की बहार

लोकतंत्र की आवाज

**चांद।** प्रखंड में कुल 12 ग्राम पंचायत में पंचायत भवन पंचायत सरकार भवन पर पंचायत विकास शिविर सह ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत सिरहिरा में पंचायत भवन सिरहिरा में विकास शिविर एवं ग्राम सभा मुखिया अनिता देवी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।ग्राम सभा में पंचायत के विकास के लिए कई योजनाओं का चयन किया गया। प्रखंड में ग्राम पंचायत कुड्डी में पंचायत सरकार भवन कुड्डी ग्राम पंचायत विउरी में पंचायत भवन विउरी ग्राम पंचायत गोंई में पंचायत भवन गोंई ग्राम पंचायत पाढी में पंचायत सरकार भवन पाढी ग्राम पंचायत शिवरामपुर में पंचायत भवन शिवरामपुर ग्राम पंचायत भरारी कला पंचायत भवन भरारी कला ग्राम पंचायत सौखरा पंचायत सरकार भवन सौखरा ग्राम पंचायत लोहदन पंचायत मनरेगा भवन ग्राम पंचायत चांद पंचायत भवन चांद ग्राम पंचायत दूलही चौरी में पंचायत भवन पर पंचायत विकास शिविर एवं ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत सिरहिरा में मुखिया अनिता सिंह की अध्यक्षता में पंचायत विकास शिविर सह ग्राम सभा का आयोजन किया गया। पंचायत विकास शिविर सह ग्राम सभा में बड़ी संख्या में आम लोगों ने भाग लिया। महिलाओं की उपस्थिति 80 प्रतिशत से अधिक देखी गई है। ग्राम सभा में शामिल महिलाओं की संख्या देखकर लगने लगा है बिहार में जमीनी स्तर पर बदलाव हो



रहा है। सरकार की महिला सशक्तिकरण की प्रयास ज़मीन पर दिखाई पड़ने लगी है।इस संबंध में मुखिया अनिता सिंह ने कहा ग्राम सभा में पंचायत विकास योजना ,,,,(जीडीपीडी) के लिए कई योजनाओं का चयन किया गया। उन्होंने ने कहा पंचायत स्तर पर जिविका आंगनबाड़ी शिक्षा स्वास्थ्य आदि कार्य एवं विकास के लिए काम कराएं जाएंगे।सिरहिरा पंचायत के मुखिया की सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला का असर है ग्राम सभा में महिलाओं की उपस्थिति 80% से अधिक थी। पंचायत भवन कुडी में रविवार को सुबह 10 बजे ग्राम सभा सह पंचायत विकास शिविर का आयोजन मुखिया चंद्रभूषण राम ने किया गया। ग्राम सभा की बैठक में पंचायत विकास के लिए लाखों की योजना ली गई।

# चैनपुर में मना मां काली का वार्षिक पूजन समारोह, मुखिया ने भाग लेकर बनाया सफल

लोकतंत्र की आवाज

**चैनपुर(कैमूर)** ।कैमूर जिला के चैनपुर बाजार में हर वर्षों के भांति इस बार भी 2026 में मां काली पूजन समारोह धूमधाम से मनाया गया। जहां कि चैनपुर बाजार में अग्रवाल शिव पार्वती मंदिर पर काली पूजन को लेकर पूजा पाठ का शुरूआत किया गया। जहां कि कुछ घंटों तक पूजा पाठ करने के बाद जुलूस पैदल ही चलकर पूरे चैनपुर नगर में भ्रमण किया गया। जहां कि श्रृद्धालुओं का जयकार से माहौल पूरी तरह भक्तिमय में डूबा हुआ था। बड़े छोटे झंडा और गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला गया था। जगह-जगह पर दरशनिया राम आशीष सिंह के द्वारा पूजा पाठ किया जा रहा था। जहां कि पूरे दिन भ्रमण करने के बाद



प्रहलादपुर गांव में स्थित मां काली मंदिर में जाकर परिणत हो गया। जहां कि घंटों तक पूजा अर्चना चला। जिसमें काफी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे ने भाग लेकर अपने मन को पवित्र किया। और आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जा रहा था। वही पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू सिंह ने जुलूस में भाग लेकर इसको सफल बनाया। और भाग लेकर लोगों को लगातार अपील कर रहे थे। आपलोग शांति बनाए। शांति और एकजुटता के साथ मां काली पूजन समारोह में भाग लें। मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू सिंह ने बताया कि यहां पर काफी साल से मां काली पूजन होते आ रहा है। इस बार भी पूरी तैयारी साथ पूजा संपन्न की गई है। जबकि भीषण गर्मी के बीच लोगों को प्यास बुझाने के लिए अग्रवाल शिव पार्वती मंदिर के प्रांगण में अशोक कुमार अग्रवाल उर्फ छुनन‍ु जी के द्वारा पेयजल का व्यवस्था किया गया था। जहां कि काफी संख्या में लोगों ने पहुंच कर अपना प्यास बुझाये ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर से टकराई बाइक, एक युवक की मौत दूसरा झांसी रेफर



लोक तंत्र की आवाज
जालौन। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर डकोर कस्बे के पास रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवक महोबा जिले के कबरई गांव में शादी समारोह से लौट रहे थे। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जालौन कोतवाली नगर के मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी 33 वर्षीय सर्वेश कुशवाहा अपने साथी विकास के साथ 26 जून को साली की शादी में शामिल होने महोबा के कबरई गए थे। शादी संपन्न होने के बाद 27 जून की रात दोनों बाइक से वापस जालौन लौट रहे थे। रविवार सुबह करीब पांच बजे डकोर के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बाइक चला रहे सर्वेश को नींद की झपकी आ गई। इससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। सर्वेश ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके कारण सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही हालत बिगड़ गई। साथ बैठे विकास को भी गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंचे बचाव दल ने दोनों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सर्वेश कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया। विकास की हालत नाजुक देख उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मृतक के भाई अरविंद ने बताया कि सर्वेश अपने पीछे पत्नी सीमा और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। शादी की खुशियों के बीच हुए इस हादसे से परिवार में कोहराम मचा है।

### पचोखरा में शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों क सामान जलकर राख

लोकतंत्र की आवाज
रामपुरा जालौन। रामपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पचोखरा गांव में रविवार शाम करीब 4 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण एक मकान में भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया, हालांकि गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। देखते ही देखते आग इतनी तेजी से फैली कि आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। घर से उठती आग की तेज लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।आग की इस घटना में घर में रखा फ्रिज, कूलर, कपड़े, अनाज सहित गृहस्थी का अन्य कीमती सामान पूरी तरह अनाज सहित गृहस्थी का अन्य कीमती सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, आग से लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना के बाद पीड़ित परिवार सदमे में है। स्थानीय प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कराया जा रहा है, जबकि ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

### पुलिस अधीक्षक ने कुठौंद थाने की शंकर पुर चौकी औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया



लोक तंत्र की आवाज
उरई जालौन। पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह द्वारा जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाए रखने हेतु कुठौन्द-औरैया (अन्तर्जनपदीय बॉर्डर) का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये ।

### उरई में अवैध मिट्टी खनन का आरोप, रातभर दौड़ रहे ट्रैक्टर

लोक तंत्र की आवाज
उरई, जालौन। जिला मुख्यालय उरई में अवैध मिट्टी खनन को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि राठ रोड, कुइया रोड, अजनारी रोड, जालौन रोड, कालपी रोड और चुरखी रोड पर प्रतिदिन रात के समय बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन का जोरो से परिवहन किया जा रहा है। आरोप है कि रात करीब 10 बजे से लेकर सुबह 8 बजे तक मिट्टी से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली दिन रात लगातार इन मार्गों से गुजरते हैं। इससे न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने की आशंका है, बल्कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि एक सरकारी विभाग का कर्मचारी कथित रूप से मिट्टी माफियाओं को गतिविधियों की सूचना और (लोकेशन) उपलब्ध कराता है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जाच कर कार्यवाही की मांग की ।

# माली समाज की 255 प्रतिभाओं का ऐतिहासिक सम्मान, शिक्षा और एकता के महाकुंभ में गूंजा सामाजिक उत्थान का संकल्प







लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक।** अखिल भारतीय माली समाज सेवा संस्थान (राज.), जिला टोंक के तत्वावधान में दूनी स्थित ओम पैराडाइज में रविवार को आयोजित पंचम सर्व माली समाज जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 सामाजिक एकता, शिक्षा और प्रतिभा सम्मान का ऐतिहासिक महाकुंभ बन गया। जिलेभर से पहुंचे हजारों समाजबंधुओं, महिलाओं, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में शिक्षा, खेल, चिकित्सा, प्रशासन, तकनीकी, प्रतियोगी परीक्षाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली 255 प्रतिभाओं को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के दौरान पूरे सभागार में उत्साह, अनुशासन और सामाजिक एकजुटता का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। प्रतिभाओं के सम्मान के दौरान सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी भैरूलाल माली ने बताया कि समारोह का उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं युवाओं का उत्साहवर्धन करना तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है।उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा का संचार करते हैं।समारोह के मुख्य अतिथि एवं राजस्थान सरकार के पूर्व

■ **"किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी शिक्षा, एकता एवं संगठन है" : पूर्व कृषि मंत्री डॉ. प्रभुलाल सैनी**

कृषि मंत्री डॉ. प्रभुलाल सैनी ने कहा कि किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी शिक्षा, एकता और मजबूत संगठन होता है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के साथ राजनीति, प्रशासन, न्यायपालिका, चिकित्सा, तकनीकी तथा अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़कर समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। साथ ही महात्मा ज्योतिबा फुले एवं क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न दिए जाने की मांग को लेकर समाज से लोकतांत्रिक तरीके से एकजुट होकर आवाज बुलंद करने का भी आह्वान किया।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री प्रहलाद तलाईच, सरपंच मोहनलाल सैनी, लोकेश सैनी, चांदमल डामटिया, रमेशचंद सैनी तथा सत्यनारायण माली उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने प्रतिभा सम्मान समारोह को समाज में शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता बढ़ाने की प्रेरणादायी पहल बताते हुए आयोजकों की सराहना की। इस अवसर पर माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित अभ्यर्थियों, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, शोध, तकनीकी शिक्षा, सरकारी सेवाओं, खेल तथा सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली 255 प्रतिभाओं को सार्वजनिक मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन गणेश तलाईच एवं गोविंद माली ने संयुक्त रूप से किया। जिला संरक्षक प्रहलाद तलाईच के मार्गदर्शन एवं जिलाध्यक्ष महावीर प्रसाद माली के नेतृत्व में जिला एवं तहसील स्तर के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

देवली तहसील अध्यक्ष शिवराज माली, दूनी तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश माली, मालपुरा तहसील अध्यक्ष हंसराज खरटिया, टोडारायसिंह तहसील अध्यक्ष प्रहलाद बढ़ेरा सहित सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, भामाशाहों एवं समाजबंधुओं ने आयोजन में सक्रिय सहयोग दिया। समारोह के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, भामाशाहों, समाजसेवियों एवं समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा, संगठन, सामाजिक समरसता एवं समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।वक्ताओं ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान केवल उपलब्धियों का अभिनंदन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का सशक्त संदेश है। ऐसे आयोजन समाज में शिक्षा, संस्कार, संगठन और सामाजिक चेतना को नई दिशा प्रदान करते हैं।

# पोलियो अभियान : एक भी बच्चा छूटा, सुरक्षा चक्र टूटा"



लोकतंत्र की आवाज

**मकराना, 28 जून 2026।** सघन पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम-2026 के तहत मकराना ब्लॉक में पहले दिन उत्साहपूर्वक अभियान का संचालन किया गया।28 से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत बनाए गए 241 पोलियो बूथों एवं 7 ट्रांजिट टीमों के माध्यम से 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 22,734 बच्चों को पोलियो की जीवनरक्षक "दो बूंद ज़िंदगी की" पिलाई गई।

अभियान की प्रभावी निगरानी एवं सफल संचालन के लिए 52 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए। अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन (29 एवं 30 जून) पोलियो की खुराक से वंचित रह गए बच्चों को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर दवा पिलाएंगी, ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से वंचित न रहे। अभियान की मॉनिटरिंग बीसीएमओ डॉ. महेंद्र बधाला, बीपीएम आरिफ मंसूरी, ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर नरेश पुरी गोस्वामी तथा सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर अनवर हुसैन द्वारा की गई।

संदेशः "एक भी बच्चा छूटा, सुरक्षा चक्र टूटा।" 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।

# हंटरगंज : सोए हुए देवर की गला घोंटकर हत्या का आरोप, सगे भाई-भाभी सहित चार हिरासत में

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**हंटरगंज(चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के तेलहेत पंचायत अंतर्गत सेलवार गांव में शनिवार की रात एक 35 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सेलवार गांव निवासी वासुदेव यादव के पुत्र देवचरण यादव (35 वर्ष) के रूप में की गई है। मृतक की पत्नी ने अपने सगे जेठ, जेठानी तथा उनके पुत्र-पुत्री पर गला दबाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है।गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक देवचरण यादव और उसके बड़े भाई कामदेव यादव के बीच शनिवार रात करीब 10 बजे घर में दीवार उठाने को लेकर विवाद हुआ था। परिजनों के अनुसार दोनों भाइयों के बीच कहासुनी और झड़प भी हुई थी। विवाद के बाद परिवार के लोग अपने-अपने कमरों में चले गए। मृतक की पत्नी रंजू देवी ने बताया कि रात में हुए विवाद के कारण उन्हें किसी अनहोनी की आशंका थी, इसलिए वह देर रात तक जागती रहीं। उन्होंने बताया कि रविवार तड़के करीब चार बजे वह महुआ चुनने के लिए घर से बाहर गई थीं। वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि उनके जेठ कामदेव यादव एवं जेठानी बिंदु देवी उनके पति के कमरे से बाहर निकल रहे थे, जबकि दरवाजे के समीप उनके पुत्र विकास कुमार और पुत्री प्रियंका कुमारी खड़े थे।रंजू देवी के अनुसार जब वह कमरे के अंदर पहुंचीं तो उनके पति देवचरण यादव अचेत अवस्था में पड़े थे। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पत्नी ने आरोप लगाया कि उनके पति की गला दबाकर हत्या की गई है। उन्होंने इस मामले में कामदेव यादव, बिंदु देवी, विकास कुमार एवं प्रियंका कुमारी को नामजद आरोपित बताया है।

घटना की सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना के पुलिस पदाधिकारी भोला साव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की प्रारंभिक जांच की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर थाना लाया तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इधर, हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची से फोरेंसिक टीम को बुलाया जा रहा है। फोरेंसिक विशेषज्ञों द्वारा घटनास्थल का

■ **दीवार निर्माण को लेकर हुए विवाद के बाद वारदात की आशंका,है फोरेंसिक टीम करेगी मामले की जांच**

निरीक्षण कर सभी पहलुओं से जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं फोरेंसिक जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। वहीं आरोपित बनाए गए कामदेव यादव, बिंदु देवी, विकास कुमार एवं प्रियंका कुमारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में इस घटना को लेकर शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोग भी हत्या की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस मामले की गहन छानबीन में जुटी हुई है।

# अवैध बजरी परिवहन का काला कारोबार: अलीगढ़-बनेठा क्षेत्र में दिन-रात खनन और परिवहन जारी-जिम्मेदार विभागों की कार्यशैली पर उठे सवाल

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक।** जिले के उनियारा सर्किल अंतर्गत अलीगढ़ एवं बनेठा थाना क्षेत्रों में इन दिनों कथित अवैध बजरी खनन और परिवहन को लेकर एक बार फिर स्थानीय पुलिस और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि अलीगढ़ एवं बनेठा थाना क्षेत्र से बजरी का परिवहन उनियारा, सोप, नगरफोर्ट होते हुए सवाई माधोपुर, बूंदी और कोटा जिलों की ओर लगातार जारी है। ग्रामीणों के अनुसार, दिन-रात के साथ अब दिनदहाड़े भी बजरी से भरे वाहन गुजरते देखे जा रहे हैं, जिनके वीडियो भी खुलकर सामने आ रहे हैं।



**इन मार्गों से परिवहन होने का दावा:** ग्रामीणों के अनुसार थाना अलीगढ़ क्षेत्र में दशहरा मैदान, बामनियां, जाजेडा रोड, लाल चौक सब्जी मंडी चौराहा, पुलिस थाना के समीप अंबेडकर सर्किल, सहादतनगर, खेड़ली चौराहा, हाईवे बाईपास, चोरू तथा पचाला मार्ग पर बजरी से भरे वाहनों का आवागमन लगातार देखा जा रहा है। साथ ही उनियारा थाने के बालीथल से भी खुलेआम सहादत नगर होते हुए खेड़ली की ओर अवैध बजरी परिवहन जारी हैं। वहीं बनेठा थाना क्षेत्र में मीणों की झोपड़ियां, कीरों की झोपड़ियां, खद्दों की झोपड़ियां, बनेठा कस्बा, संग्रामपुरा, सुरेली रोड, सूरज्या भैरूं मोड़, केरोद, चिताणी, खोहल्या, रूपपुरा, सूंथड़ा, रूपवास, ककोड़ तथा गुमानपुरा टोल प्लाजा के आसपास भी कथित रूप से अवैध बजरी के खनन और परिवहन की गतिविधियां होने का दावा किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे जुड़े फोटो और वीडियो भी समय-समय पर सामने आते रहे हैं।

**जनसुनवाई में भी उठ चुका है मामला:** ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र गुर्जर की मौजूदगी में जिला कलेक्टर टीना डाबी की जनसुनवाई के दौरान भी कई बार यह मुद्दा उठाया गया था।इसके बावजूद क्षेत्र में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देने का दावा किया जा रहा है।

**पुलिस व वन विभाग पर संरक्षण के आरोप-स्वतंत्र पुष्टि नहीं:** कुछ स्थानीय लोगों एवं बजरी कारोबार से जुड़े व्यक्तियों ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर आरोप लगाया कि अवैध गतिविधियों को कथित रूप से पुलिस और वन विभाग के कुछ कर्मियों का संरक्षण प्राप्त है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है और संबंधित विभागों का पक्ष प्राप्त होना शेष है।

**निष्पक्ष जांच की मांग :** ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा है कि यदि आवश्यक हो तो संबंधित थाना क्षेत्रों में गश्त पर तैनात पुलिसकर्मियों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और व्हाट्सऐप कॉल एवं चैट की जांच सक्षम एजेंसी द्वारा कराई जाए, ताकि कथित सांठगांठ के आरोपों की सत्यता स्पष्ट हो सके।

**एसआईटी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल :** स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद बजरी से भरे वाहन गुजरते देखे गए हैं। उन्होंने वन विभाग एवं प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई और गठित विशेष एसआईटी की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि अवैध खनन रोकने के प्रयास अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रहे हैं।

# राज्यसभा सांसद डॉ. अलका सिंह गुर्जर का टोंक में भव्य स्वागत-शिक्षकों की समस्याओं पर सौंपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज



**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक।** राज्यसभा सांसद डॉ. अलका सिंह गुर्जर के शनिवार को टोंक आगमन पर सवाई माधोपुर बाईपास स्थित राज मिडवे होटल में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें आस्था के प्रतीक श्री सांवलिया सेठ जी का पावन चित्र भेंट कर सम्मानित किया तथा पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया।

इस दौरान अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, खंड टोंक के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों एवं शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर राज्यसभा सांसद को ज्ञापन सौंपा।प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि इन मांगों को संसद में प्रभावी रूप से उठाकर उनके समाधान की दिशा में सार्थक पहल की जाए।राज्यसभा सांसद डॉ. अलका सिंह गुर्जर ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए ज्ञापन पर सकारात्मक पहल करने तथा संबंधित विषयों को उचित स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कचनार गुर्जर, भाजपा नेता मुकेश गुर्जर (बनेठा), कैलाश सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. अलका सिंह गुर्जर का स्वागत करते हुए उनके जनहित एवं विकासोन्मुख कार्यों की सराहना की तथा सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

# श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान के पदाधिकारी जयपुर में समाज की बैठक में हुए शामिल

लोकतंत्र की आवाज



**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक/जयपुर।** श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान, सांगानेर की बैठक का आयोजन जयपुर स्थित एक निजी प्रतिष्ठान में किया गया। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ विशेष रूप से प्रस्तावित जातिगत गणना को लेकर गहन चिंतन-मंथन किया गया।

बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। विशेष रूप से सवाई माधोपुर जिले से समाज के लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। टोंक जिले से भी समाज के कई पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए और अपने विचार रखे। बैठक में टोंक जिले से युवा जिलाध्यक्ष उम्मेद सिंह चौहान, पूर्व शहर अध्यक्ष नंदसिंह नरूका, शहर मंत्री एवं पूर्व पुलिस अधिकारी बाबू सिंह भाटी उपस्थित रहे। वहीं सवाई माधोपुर जिले से युवा जिलाध्यक्ष बद्री सिंह राजावत, कैलाश सिंह गरढ़वास, तहसीलदार रूपसिंह राजावत, निवाई से जगदीश सिंह, जरा शंकर, नैनवा से देव सिंह, समर सिंह, उमर से महावीर सिंह, राधेश्याम सिंह, भंवर सिंह, रामअवतार सिंह, हनुमान सिंह, फूल सिंह, सुरेश सिंह, अमर सिंह तथा भारत सिंह राजावत सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में रावणा राजपूत समाज के वरिष्ठजन एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में समाज की एकजुटता, संगठन को मजबूत बनाने तथा सामाजिक हितों से जुड़े मुद्दों पर समन्वित रूप से कार्य करने का आह्वान किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने समाज के विकास और संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ यूपी की प्रदेश कार्यसमिति एवं साधारण सभा बैठक सम्पन्न

लोक तंत्र की आवाज





**लखनऊ, 28 जून।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति एवं साधारण सभा की बैठक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, अलीगंज, लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष प्रो. संजय मेधावी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संचालन प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने किया।

बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, सदस्यता अभियान, गुरुवंदन कार्यक्रम, कर्तव्य बोध दिवस, “हमारा विद्यालय-हमारा तीर्थ” अभियान, संत रविदास जी की 650 वी जयंती ,शिक्षक सम्मेलन सहित आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार जी ने बताया कि टीईटी के विषय में केंद्रीय शिक्षा मंत्री माननीय धर्मेंद्र प्रधान जी से हुई वार्ता में आश्वासन दिया गया है कि टीईटी के कारण किसी भी शिक्षक की नौकरी प्रभावित नहीं होगी, समस्या का सम्मानजनक समाधान का प्रयास किया जायेगा । प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से मुक्त कराने हेतु संगठन द्वारा प्रथम चरण में जिला स्तर पर ज्ञापन दिए गए तथा द्वितीय चरण में 5 जुलाई तक सांसदों से संपर्क कर आरटीई एक्ट में आवश्यक संशोधन अथवा विशेष प्रावधान की मांग की जा रही है। टीईटी लागू होने से पहले से सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त कराने हेतु सड़क से संसद तक निर्णायक संघर्ष किया जाएगा।

बैठक में प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा संवर्ग के शिक्षकों की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान, गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, स्थानांतरण, अवकाश सहित अन्य मांगों के समाधान हेतु कार्ययोजना बनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष प्रो. संजय मेधावी ने संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया। अंत में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. कमल कौशिक ने कल्याण मंत्र कराया। प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त कर बैठक के समापन की घोषणा की।

■ **संगठनात्मक समीक्षा , संगठनात्मक विस्तार एवं शिक्षक समस्याओं के समाधान पर हुआ मंथन**

बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. उदयन मिश्रा, डॉ० निर्मला यादव, डॉ. अम्बरीष सिंह, मंत्री प्रो अनिल कुमार, डॉ. संतोष कुमार शुक्ल, प्रदीप तिवारी, डॉ. भावना, सोनल शर्मा, नरेंद्र पस्तोर, प्रियंका शुक्ला, ऊषा शाक्य,नीलमणि शुक्ला, डॉ. अशोक द्विवेदी, मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव, डॉ० बजरंग बहादुर सिंह, दयाशंकर उपाध्याय सहित साधारण सभा के सभी सदस्य, प्राथमिक व माध्यमिक संवर्ग के जिला व मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, संगठन मंत्री, उच्च शिक्षा व तकनीकी संवर्ग के विश्विद्यालय इकाई अध्यक्ष, महामंत्री, संगठन मंत्री, सभी जिलों की महिला प्रमुख उपस्थित रहे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजिटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।